# उदयदेश

वर्ष 38 अंक 299 | मुरैना, मंगलवार 9 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8 मूल्य 1.50


## प्रधानमंत्री मोदी का हर सपना साकार करने के लिए हम संकल्पित हैं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा पर हितग्राहियों से की चर्चा, मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बाणगंगा बस्ती के निवासियों के साथ सुना प्रधानमंत्री मोदी का संवाद और उद्बोधन

भोपाल : प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



यादव, वार्ड क्रमांक 25, बाणगंगा बस्ती के निवासियों के साथ शामिल हुए और प्रधानमंत्री श्री मोदी के वर्चुअल उद्बोधन का श्रवण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न राज्यों के हितग्राहियों से यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव के बाणगंगा स्थित संतोषी माता मंदिर के पास बने सभा स्थल पहुंचने पर विधायक श्री भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, जनप्रतिनिधि श्री सुमित पचौरी तथा पार्षदगण ने स्वागत किया, मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। सभा स्थल पर जन कल्याणकारी योजनाओं पर कें-द्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने भी वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों को दिलाई शपथ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सभा स्थल पर उपस्थित नागरिकों को 'भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने' की शपथ दिलाई। किसान, गरीब, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन को सुनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभा स्थल पर उपस्थित मीडिया कर्मियों से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसान,गरीब, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। सभी के पास काम हो, हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए और प्रधानमंत्री श्री मोदी का हर सपना साकार हो, इसके लिए हम संकल्पित भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्राथमिकता के अनुरूप प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, फर्टिलाइजर के उपयोग में कमी लाने, विश्वकर्मा योजना सहित स्वरोजगार के लिए संचालित सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हमा-री सरकार कार्यरत है।

## विकास कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों के ध्यान में रहे - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### स्कूलों का समय शीत ऋतु के मद्देनजर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ली भोपाल संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों के ध्यान में रहे। सभी विभागों के अधिकारी विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी जन प्रतिनिधियों को दें। निर्माणाधीन विकास कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में निर्देश दिये है कि जारी शीत ऋतु को देखते हुए प्रदेश में स्कूलों का समय सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक किया जायें। रोजगार और उद्योगों को प्रोत्साहन देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में बेहतर कार्य हो। मुख्यमंत्री डॉ यादव कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में भोपाल संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सीएम राइज स्कूलों का गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में निर्माण पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोटे अनाज की फसलों को प्रोत्साहित करने के हों। उन्होंने कहा कि भोपाल जिले में ओडीएफ के क्षेत्र में अच्छा कार्य हुआ है। जो ग्राम ओडीएफसे छूट गए हैं उन्हें भी चिन्हि-त कर ओडीएफ करने का प्रयास करें। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, के शेष कार्य समय पर पूरे हों। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विकास कार्यों के लोकार्पण, भूमिपूजन एवं शिलान्यास के लिए स्वस्थ वातावरण निर्मित हो। बिजली संबंधी समस्याओं और शिकायतों को त्वरित हल किया जाए। जनता की संतुष्टि के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि रोजगार परक विभाग विशेष ध्यान देकर विकास और रोजगार बढ़ाने के प्रयास करें। शैक्षणिक संस्थान और उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाए जाएं। जिले के परम्परागत उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए। जिलों में गौशालाएं अच्छी बनें। सड़कों पर गाय नहीं आएं, ऐसे प्रयास हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमांत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत बेहतर कार्य हो। बैठक में राजस्व, पंचायत, एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास, स्कूल शिक्षा, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जल संसाधन, पीएचई सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में खेल एवं युवक कल्याण एवं सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री गौतम टेटवाल, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री नारायण सिंह पंवार, सां-सद श्री रोडमल नागर, विधायकगण, जनप्रतिनिधि मुख्यसचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना एवं वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस गरिमा पूर्वक मनाया जाएः मुख्यमंत्री डॉ यादव

### गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 की तैयारियों की समीक्षा



भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस गरिमापूर्वक मनाया जाए। राज्य एवं जिला स्तर पर बेहतर आयोजन हों। जनपद पंचायत, नगरपालिका, नगर परिषद, ग्राम पंचायत मुख्यालय तक गरिमापूर्वक आयोजन हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मंत्रालय में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक श्रीसुधीर कुमार सक्सेना, विभिन्न विभागों के अपर सचिव, सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जिले के अंतर्गत जनप्रतिनिधि रोस्टर अनुसार समारोह में शामिल हो सकें, इसकी व्यवस्था बनाई जाए। निमंत्रण पत्र समय पर भेज दिए जाएं। कोई भी अतिथि आमंत्रण से न छूटे। राज्यपाल महोदय का भाषण और मुख्यमंत्री का संदेश प्रभावी और सारगर्भित हो। झांकियां का आकर्षक प्रदर्शन हो। मध्यप्रदेश की झांकी का दिल्ली में भी बेहतर प्रदर्शन हो। प्रदेश की झांकी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत हो सके ऐसी प्रभावी झांकी बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में भी बेहतर झांकियों का प्रदर्शन हो। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उच्चस्तरीय प्रदर्शन हो। आकर्षक गुब्बारें छोड़े जाने की व्यवस्था हो। संभाग स्तर पर बटालियन से बैण्ड दल भिजवाने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 21 जनवरी से सभी शासकीय भवनों पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की जाए। बैठक में बताया गया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 का मुख्य समारोह लाल परेड मैदान पर आयोजित होगा। राज्यपाल महोदय प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। तत्पश्चात परेड की सलामी ली जाएगी। 26 जनवरी की संध्या को रविन्द्र भवन में लोक रंग कार्यक्रम होता है। 26 जनवरी से 30 जनवरी तक संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुशासन जनभागीदारी एवं समग्र विकास पर आधारित झांकी लाल परेड मैदान पर आयोजित होंगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि संबंधित अधिकारी भी समारोह में मौजूद रहें।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की पूर्व मुख्यमंत्री चौहान से भेंट

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से उनके निवास ँ-8, 74 बंगला पर सौजन्य भेंट की तथा प्रदेश की प्रगति और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने निवास पर जन समस्याएं सुनीं

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विन्ध्य कोठी स्थित निवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों से भेंट की, उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ यादव से कड़ाके की ठंड व कोहरे के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा अपनी समस्याएं उन्हें सुनाने पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संबंधित कलेक्टर व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल फोन पर चर्चा कर तत्वरित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मंत्री पटेल  ने भेंट की

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने भी क्षेत्र के लोगों के साथ सौजन्य भेंट की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायक पटेरिया के स्वास्थ्य की जानकारी ली

### श्री पटेरिया की बेटी से फोन कर उनके हर संभव इलाज का आश्वासन दिया

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवरी जिला सागर के विधायक श्री बृज बिहारी पटो-रिया के अस्वस्थ्य होने पर उनकी बेटी प्रियंका पटेरिया से दूरभाष पर बात कर उनके पिता श्री पटो-रिया के हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेटी प्रियंका से पिता की बीमारी की जानकारी ली। उन्होंने बेटी प्रियंका को आश्वासन दिया कि बीमारी के इलाज के लिए हर संभव मदद की जाएगी। विधायक देवरी श्री पटेरिया का नेशनल हॉस्पीटल भोपाल में इलाज चल रहा है। वे लीवर की गंभीर समस्या के कारण अस्वस्थ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जरूरत पड़ने पर विधायक श्री पटेरिया को एयर लिफ्ट कर दिल्ली में इलाज कराया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के 50 दिन पूरे, पीएम मोदी ने लाभार्थियों से किया संवाद, बोले-

# सिर्फ 50 दिन में जुड़े 11 करोड़ लोग



नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बात की। इसमें पीएम अलग-अलग राज्यों के लाभार्थियों से वर्चुअली जुड़े। लाभार्थियों से चर्चा करते हुए पीएम ने कहा कि दो दिन पहले ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के 50 दिन पूरे हुए हैं। इतने कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड?ा अपने आप में अभूतपूर्व है। पीएम ने आगे कहा- इस यात्रा का मकसद समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना है। ताकि उसे सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि कभी-कभी जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए मोदी की गारंटी की ये गाड़ी गांव-गांव जा रही है। पीएम ने कहा कि छोटे किसानों को मुसीबतों से बाहर निकालने के लिए हम निरंतर काम कर रहे हैं। कृषि में सहकारिता को बढ़ावा देना हमारी इसी सोच का परिणाम है। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से हर किसान को कम से कम 30 हजार रुपये दिए जा चुके हैं।

### गरीबों, महिलाओं और किसानों पर फोकस

मोदी ने कहा, हम देश की एक बहुत बड़ी आबादी को रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए होने वाले संघर्षों से बाहर निकालना चाहते हैं. इसलिए हम गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के भविष्य पर फोकस कर रहे हैं।

## मुस्लिम परिवार में पैदा हुई, किसान की बेटी निगार...आदित्य-एल1 मिशन की प्रमुख

नई दिल्ली (ए)। इसरो अंतरिक्ष की दुनिया में ऊंची उड़ान उड़ चुका है और नई उपलब्धि भी हासिल कर चुका है। देश की पहली सोलर ऑबजर्वेटरी आदित्य-एल1 लैंगरंग प्वाइंट एल1 सफलता के साथ स्थापित हो चुकी है। भारत में हाल ही में चंद्रयान-3 से लेकर आदित्य एल 1 मिशन की सफलता देखी है, जिससे दुनिया के सामने भारत अंतरिक्ष की दुनिया में मजबूत स्तंभ के तौर पर खड़ा हुआ है। आदित्य एल 1 मिशन भी सफलता से पूरा हुआ है, जो भारत की तरफ से सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला मिशन है। इसरो के इस प्रोजेक्ट की खासियत ये भी रही है कि महिला नेतृत्व में ये मिशन आगे बढ़ा है। ये महिला है, निगार शादी जिन्होंने सूर्य मिशन की कमान को संभाला है। निगार की काबिलियत के दम पर इस समय दुनिया भर में चर्चा हो रही है। निगार वर्तमान में इसरो में प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पद पर तैनात है। निगार व्यवहार में सौम्य हैं, जो मुस्कुराहट लेकर अपने चेहरे पर काम करती रहती है। आदित्य एल 1 मिशन को सफल बनाने के लिए निगार ने अपनी टीम के साथ एक या दो नहीं बल्कि पूरे आठ वर्षों तक कड़ी मेहनत की है। निगार शाजी वर्ष 1987 में इसरो के साथ जुड़ी थी। निगार ने इसरो के साथ जुड़ने के साथ ही लगातार मेहनत की। वर्षों तक वे अपने मिशन में जुटी रही है।

# मप्र में ओले गिरने की चेतावनी

## 3 राज्यों में कोल्ड वेव का अलर्ट; तमिलनाडु-पुडुचेरी में भारी बारिश के चलते स्कूलों की छुट्टी

नई दिल्ली (ए)। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड? का सिलसिला जारी है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में आज कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में आज ओले गिरने की संभावना जताई गई है। उधर, तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई इलाकों में रविवार देर रात से शुरू हुई बारिश सोमवार सुबह तक जारी रही। तेज बरसात के चलते पुडुचेरी के सभी स्कूलों और तमिलनाडु के 8 जिलों के स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। भारी बारिश के चलते तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले में एक मकान की दीवार ढह गई। इससे 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज भी तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, देश के 21 राज्य आज भी कोहरे की चपेट में दिखे। इनमें पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा और नॉर्थ-ईस्ट के अरुणाचल प्रदेश को छोड़कर सभी राज्य शामिल हैं। उत्तर भारत में कोहरे की वजह से ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला भी लगातार जारी है। दिल्ली में आज 20 ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर स्टेशन नहीं पहुंच सकीं। पंजाब और राजस्थान से दिल्ली पहुंचने वाली कुछ ट्रेनें 6 घंटे से ज्यादा लेट हुईं। रविवार को भी 22 ट्रेनें प्रभावित हुई थीं।

### बिलकिस गैंगरेप के दोषी फिर जाएंगे जेल

# कोर्ट ने कहा- गुजरात सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया

नई दिल्ली (ए)। बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के फैसले को पलटते हुए दोषियों की सजा माफी रद्द कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दोषियों को अब फिर से जेल जाना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जहां अपराधी के खिलाफ मुकदमा चला और सजा सुनाई गई, वही राज्य दोषियों की सजा माफी का फैसला कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा दोषियों की सजा माफी का फैसला गुजरात सरकार नहीं कर सकती बल्कि महाराष्ट्र सरकार इस पर फैसला करेगी। गौरतलब है कि बिलकिस बानो मामले की सुनवाई महाराष्ट्र में हुई। कोर्ट ने ये भी कहा कि दोषियों को रिहा करने का गुजरात सरकार का फैसला शक्ति का दुरुपयोग था। सुप्रीम कोर्ट ने सभी 11 दोषियों को अगले दो हफ्ते में जेल अथॉरिटी के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों की सजा गुजरात सरकार ने माफ कर दी थी। गुजरात सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट आज अपना फैसला सुनाया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जवल भुइयां की पीठ ने मामले की सुनवाई की और 12 अक्तूबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुजरात सरकार की माफी नीति के तहत साल 2022 में बिलकिस बानो से गैंगरेप और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के दोषियों की सजा माफ कर दी थी और उन्हें जेल से रिहा कर दिया था। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दोषियों को फिर से जेल जाना होगा। इन दोषियों को सीबीआई की विशेष अदालत ने साल 2008 में उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जिस पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी अपनी मुहर लगाई थी। उम्रकैद की सजा पाए दोषी को 14 साल जेल में ही बिताने होते हैं। उसके बाद अपराध की प्रकृति, जेल में व्यवहार और अन्य चीजों को ध्यान में रखते हुए सजा घटाने या रिहाई पर विचार किया जा सकता है। बिलकिस बानो गैंगरेप के दोषी जेल में 15 साल बिता चुके हैं। जिसके बाद दोषियों ने सजा में रियायत की गुहार लगाई थी। जिस पर गुजरात सरकार ने अपनी माफी नीति के तहत इन 11 दोषियों को जेल से रिहा कर दिया। गुजरात सरकार के इस फैसले के खिलाफ 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गईं। पहली याचिका में दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए उन्हें वापस जेल भेजने की मांग की गई थी। वहीं दूसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के मई में दिए गए आदेश पर पुनर्विचार की मांग की गई थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दोषियों की रिहाई का फैसला गुजरात सरकार करेगी। याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र और गुजरात सरकार ने दोषियों की रिहाई के फैसले का बचाव किया था और कहा कि दोषियों ने दुर्लभतम अपराध नहीं किया है और उन्हें सुधार का एक मौका दिया जाना चाहिए। इस पर कोर्ट ने सवाल किया कि रिहाई में छूट का फायदा सिर्फ बिलकिस बानो के दोषियों को क्यों दिया गया? बाकी कैदियों को ऐसी छूट क्यों नहीं दी गई? साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या दोषियों को माफी मांगने का मौलिक अधिकार है? इस पर दोषियों के वकील ने माना कि दोषियों को माफी मांगने का मौलिक अधिकार नहीं है।

## पीएम नरेन्द्र मोदी आज गांधीनगर में करेंगे भारत के सबसे बड़े ट्रेड शो का उदघाटन

अहमदाबाद (ए)। गुजरात की राजधानी गांधीनगर में 10 जनवरी से शुरू होनेवाली वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (वीजीजीएस) 2024 से पूर्व कल यानी 9 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के सबसे बड़े ग्लोबल ट्रेड का शो का उदघाटन करेंगे। द्वि-वार्षिक 10वीं वीजीजीएस के अंतर्गत गुजरात सरकार द्वारा 09 से 13 जनवरी के दौरान गांधीनगर स्थित हेलीपैड मैदान पर 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो-2024' का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी और स्टॉल के साथ 2 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले भारत के इस सबसे बड़े ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 जनवरी की अपराह्न 03.00 बजे करेंगे। उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित देश और दुनिया के गणमान्य व्यक्ति और उद्योगपति मौजूद रहेंगे। यह ग्लोबल ट्रेड शो 10-11 जनवरी को बिजनेस विजिटर्स के लिए, जबकि 12-13 जनवरी को आम जनता के लिए खुला रहेगा।

10वीं वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 के अंतर्गत आयोजित होने जा रहे इस ग्लोबल ट्रेड शो में ऑस्ट्रेलिया, तंजानिया, मोरक्को, मोजाम्बिक, दक्षिण कोरिया, थाइलैंड, एस्टोनिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), यूनाइटेड किंगडम (यूके), जर्मनी, नार्वे, फिनलैंड, नीदरलैंड, रशिया, रवांडा, जापान, इंडोनेशिया और वियतनाम सहित कुल 20 देश अपने-अपने देशों के उद्योगों की जानकारी प्रदर्शित करेंगे।

# 7 शुभ और अद्भूत संयोग में होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

अयोध्या(ए)। भारतवर्ष के लिए 22 जनवरी का दिन बेहद शुभ है। इतिहास के पन्नों में इस तिथि का अंकन सुनहरे अक्षरों में होगा। इस दिन



अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। इस अनुष्ठान में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 16 जनवरी से होगी। इसके लिए महाभव्य तैयारी की जा रही है। ज्योतिषियों की मानें तो पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि पर एक, दो नहीं, बल्कि 7 शुभ और अद्भुत संयोग बन रहे हैं। इन योग में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। ज्योतिषियों की मानें तो मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव उत्तरायण होंगे। उत्तरायण देवताओं के लिए दिन का समय होता है। इस दौरान प्रकाश में वृद्धि होने लगती है। इसी दिन से युगारंभ भी होता है। अतः रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मकर संक्रांति के पश्चात की तिथि का चयन किया गया है। इस दिन पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी एवं त्रयोदशी तिथि है। द्वादशी तिथि संध्याकाल 07 बजकर 51 मिनट तक है। इसके पश्चात, त्रयोदशी तिथि है। वहीं, नक्षत्र है। पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि यानी 22 जनवरी को सर्वप्रथम ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण सुबह 08 बजकर 47 मिनट तक है। इसके पश्चात, इंद्र योग का निर्माण होगा। इस योग में ही रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 22 जनवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण सुबह 07 बजकर 14 मिनट से अगले दिन यानी 23 जनवरी को 04 बजकर 58 मिनट तक है। वहीं, अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि पर हो रहा है। इस दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से लेकर 12 बजकर 54 मिनट तक है। वहीं, विजय मुहूर्त 02 बजकर 19 मिनट से लेकर 03 बजकर 01 मिनट तक है। इस दिन सुबह 07 बजकर 36 मिनट तक बव करण का योग है। इसके बाद बालव करण का निर्माण होगा। बालव करण संध्याकाल 07 बजकर 51 मिनट तक है। ज्योतिषियों की मानें तो रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा तिथि पर देवों के देव महादेव कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इस दिन भगवान शिव संध्याकाल 07 बजकर 51 मिनट तक कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इसके पश्चात, नंदी पर सवार होंगे। इस समय में भगवान शिव की पूजा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

## एनआरआई बुआ के एकाउंट से भतीजों ने निकाल ली 5.71 करोड़ से अधिक रकम, दोनों गिरफ्तार

जामनगर (ए)। विदेश में रहनेवाली एक महिला को अपने भतीजों पर भरोसा करना महंगा पड़ गया। भतीजों ने अपनी एनआरआई बुआ के फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर बैंक एकाउंट से रु. 5.71 करोड़ से अधिक रकम निकाल ली। एनआरआई महिला को जब पता चला तो उसने अपने भतीजों के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। यह घटना जामनगर की है। जामनगर के दिग्विजय प्लाट मुहल्ला निवासी और वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम में स्थायी हुई 67 वर्षीय दिव्या विपुलभाई वोरा भारत लौटने के बाद जामनगर शहर ए डिवीजन पुलिस थाने पहुंच गई। जहां अपने भतीजे कुणाल विनोदभाई शाहऔर केयूर विनोदभाई शाह के खिलाफ रु. 57102346 की धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करवा दी। जानकारी के मुताबिक दिव्या वोरा ने अपने भतीजों कुणाण और केयूर पर भरोसा कर वर्ष 2018 में अपनी नकद रकम भारत में रखने और बैंक खाते में कराने के लिए दोनों की मदद से बैंक में एकाउंट खुलवाया था। उस दौरान दोनों भतीजों ने दिव्या वोरा के बेटे के नाम के बजाए अपना नाम शामिल कर धोखाधड़ी की साजिश रची थी। बैंक में एकाउंट खुलने के बाद दिव्या वोरा ने उसमें रु. 11 करोड़ की रकम जमा करवाई थी। कुणाल और केयूर ने दिव्या वोरा के एकाउंट में जमा 11 करोड़ रुपए में से टुकड़े टुकड़े कर रु. 57102346 निकाल लिए। दिव्या वोरा जब जामनगर आईं तो उन्हें अपने बैंक एकाउंट से रु. 5.71 करोड़ से अधिक रकम निकाले जाने की खबर लगी तो उन्होंने कुणाल और केयूर शाह के खिलाफ शहर के ए डिवीजन पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रत्येक पात्र परिवार को लाभान्वित करें : कृषि मंत्री कंषाना

### कृषि मंत्री मुरैना के ग्राम बागचीनी में हुए शामिल

मुरैना : किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रत्येक पात्र हितग्राही को जोड़कर लाभ दिलाने के निर्देश दिये हैं। मंत्री श्री कंषाना ने मुरैना के जौरा विकासखण्ड में ग्राम बागचीनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र हितग्राही लाभों से वंचित न रहे। मंत्री श्री कंषाना ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिये विधायक निधि से 10 लाख रूपये देने की घोषणा भी की।कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ-सबका विकास'' के मूलमंत्र को साकार करने के लिये समग्र प्रयास किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी से देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। गरीबों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है, महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं, वे आत्म-निर्भर बन रही हैं, जो कभी घर से बाहर निकलने में संकोच करती थीं, आज निःसंकोच यात्राएँ कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सजीव उद्बोधन को कृषि मंत्री श्री कंषाना ने ग्रामीणों के साथ सुना। विकसित भारत संकल्प यात्रा की आईईसी वेन से प्रधानमंत्री के संदेश और विकसित भारत संकल्प यात्रा का वीडियो प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी'' के अंतर्गत हितग्राहियों ने योजनाओं से लाभान्वित होने के बाद जीवन में आये बदलाव और उन्नति के बारे में अवगत कराया।

# चम्बल नदी के अवैध रेत उत्खनन पर प्रभावी कार्रवाही करें - मुख्य सचिव श्रीमती राणा

## अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने चम्बल संभाग के अधिकारियों की बैठक ली





भिंड। मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने चम्बल संभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि चम्बल नदी के अवैध रेत उत्खनन रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाही करें। कार्रवाही का इंपेक्ट दिखना चाहिये । एनआईसी कक्ष मुरैना में चम्बल संभाग के कमिश्नर श्री दीपक सिंह, आईजी श्री सुशांत सक्सेना, डीआईजी श्री कुमार सौरभ, कलेक्टर मुरैना श्री अंकित अस्थाना, कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव, कलेक्टर श्योपुर श्री संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री असित यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्योपुर श्री सतेन्द्र सिंह तोमर, डीएफओ मुरैना श्री स्वरूप दीक्षित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीसी के

### वीसी में मुख्य सचिव ने दिये निर्देश

माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुरैना, श्योपुर और भिण्ड में अवैध रेत उत्खनन पर प्रभावी कार्रवाही की जाये, चम्बल के एक किलोमीटर की दूरी तक मायनिंग के पूरे नियमों का पालन होना चाहिये। जो सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है, उसमें कहीं कोई लापरवाही न मिले। उन्होंने कहा कि मुरैना जिले में रेत भण्डारण के लिये 8 लायसेंस स्वीकृत किये गये है, जहां पर वैध खदानों से लाकर रेत खनिज स्टॉक कर आम आदमी एवं शासकीय कार्यों की पूर्ति की जा रही है। इसी प्रकार भिण्ड जिले में और मुरैना जिले में प्रस्तावित 6 रेत खदानों को चिन्हित किया गया है, जिन पर अग्रिम कार्यवाही भोपाल स्तर पर की जा रही है। अंतर्राजीय टास्क फोर्स मीटिंग मुरैना एवं धौलपुर की प्रतिमाह एक बार एवं जिला स्तर पर दो बार होती है। इसी प्रकार श्योपुर में भी लगातार कार्यवाही होनी चाहिये। चम्बल कमिश्नर श्री दीपक सिंह ने अवगत कराया कि मुरैना में एक कंपनी अवैध रेत उत्खनन रोकने के लिये प्राप्त हुई है। जिसको कार्यवाही करने के लिये उपयोग किया जा रहा है, आगे से इस कार्यवाही को और तेज किया जायेगा। कलेक्टर मुरैना श्री अंकित अस्थाना ने बताया कि यहां कुल 45 बड़े घाट है, जिनमें से 13 से 14 ऐसे घाट है, जिनमें अवैध उत्खनन चलता है। तो मेजर राजघाट, बरबासीन है। वहां इस एक्स्ट्रा कंपनी को लगाकर उत्खनन रोका था, लेकिन चुनाव की वजह से कंपनी चली गई। उस समय एसएसटी भी लगी थी तो उत्खनन को नियंत्रित कर पा रहे थे, लेकिन चुनाव के बाद समस्या आ रही है। राजघाट में रात के कोहरे की वजह से भी चैकिंग में समस्या आ रही है, अगर हमें एक्स्ट्रा कंपनी मिल जाती है तो प्रभावी रूप से कार्यवाही की जा सकती है। मौके पर भिण्ड एवं श्योपुर कलेक्टर ने भी अपने विचार वीसी में प्रस्तुत किये।

# जोन और थानों की सीमाओं का युक्तियुक्तकरण जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए: मुख्यमंत्री डॉ यादव

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की कानून व्यवस्था के संबंध में भोपाल संभाग की समीक्षा



भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में जोन और थानों की सीमाओं के प्रस्तावित युक्तियुक्तकरण का कार्य जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए। ऐसी व्यवस्था करें कि किसी भी जुलूस का संचालन देर रात तक न हो, आयोजन निश्चित समय सीमा में पूर्ण हों। इसके लिए शांति समितियों के साथ पहले से ही बैठक कर कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सघन बस्तियों से त्योहारों के समय निकलने वाले जुलूसों में जिन क्षेत्रों में अपराध, हिंसा, अव्यवस्था की संभावना रहती है, उन क्षेत्रों का विकास पुलिस तथा नगरीय निकाय सहित अन्य ऐजेंसियों के साथ मिलकर समन्वित रूप से किया जाए। उद्देश्य यह हो कि इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि का आवागमन भी सुगम हो सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में भोपाल संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अपराध और ठगी के सामने आ रहे नए तरीकों पर नियंत्रण करने और इस संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्रवाई की जाए। उच्चाधिकारी इस पर भी नजर रखें कि थानों में बेकसूर लोगों को न फंसाया जाए और झूठी कार्यवाईयाँ न हों। निर्दोष लोगों को फंसाने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरूध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि थानों में जब्त की गई सामग्री को उसके वास्तविक स्वरूप में ही रखा जाए, सामग्री से किसी भी प्रकार की छेड़-छाड़ न की जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि थाना प्रभारी उनके क्षेत्र में रहने वाले संभ्रांत लोगों से भी संबंध और सम्पर्क बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जिला कलेक्टर्स को जेलों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, साथ ही प्रदेश के सभी जेलों में बंदियों की स्थिति का विश्लेषण कर 15 दिन में रिर्पोट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया। डॉ यादव ने कहा कि कैदियों के पुनर्वास के लिए उन्हें जेलों में विभिन्न कौशल संबंधी व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जेलों में बंद गलत फंसाए गए लोगों को आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कहा कि डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास के लिए विश्वकर्मा योजना सहित नगरीय निकायों के साथ मिलकर रोजगार की अन्य योजनाएं संचालित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। डॉ यादव ने कहा कि शादी विवाह तथा अन्य अवसरों पर बैंड बाजा व शहनाई का उपयोग हमारी परम्परा है। इसे प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण तथा अन्य नवाचार किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पुलिस बैंड प्रशिक्षण के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की तथा 15 अगस्त तक सभी जिलों में पुलिस बैंड की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## कमजोर और निशक्तजनों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा: मंत्री कुशवाह

भोपाल : सामाजिक न्याय निशक्त कल्याण, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि समाज के कमजोर निशक्तजन को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना तथा उद्यानिकी के माध्यम से कृषकों की आय को दोगुना करने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य की पूर्ति के लिये राज्य शासन कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा है कि सामाजिक न्याय विभाग सरकार के संकल्प पत्र को प्राथमिकता के साथ लागू करेगी। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि सामाजिक न्याय, निशक्त कल्याण विभाग संकल्प पत्र के तहत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की राशि 55 हजार से बढ़ाकर एक लाख 6 हजार करने तथा वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, विधवा तथा निराश्रित महिलाओं की पेंशन राशि 600 रूपये से बढ़ाकर 1500 रूपये करने का प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित कर रही है। वित्त विभाग से अनुमति उपरांत प्रस्ताव मंत्रि-परिषद की स्वीकृति के लिये भेजा जायेगा। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के साथ उक्त दोनों प्रस्तावों को विभागीय अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान श्री कुशवाह ने कहा कि वित्त वर्ष के शेष 3 माह में सभी कल्याणकारी योजनाओं का लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ती की जायेगी। इसके लिये सभी टीम भावना के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय कठिनाई नहीं आने दी जायेगी। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि कृषि के साथ उद्यानिकी कृषकों की आय का महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिये प्रदेश में एक जिला-एक नर्सरी योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शासकीय नर्सरियों को आकर्षक और उपयोगी बनाया जायेगा।

## शीत लहर को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शासन ने स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन कर दिया है। शासन से जारी आदेशानुसार आगामी 20 जनवरी तक के लिये स्कूल खुलने की नई समय-सीमा निर्धारित की गई है। म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग से जारी आदेशानुसार ऐसे समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, जो जल्दी सुबह से संचालित होते हैं, वे प्रातः 10 बजे से संचालित होंगे। दो पालियों में संचालित होने वाले शासकीय एवं अशासकीय स्कूल भी प्रातः 10 बजे से ही संचालित होंगे। ऐसे विद्यालय, जो प्रातः 10:30 से संचालित होते हैं, वे यथावत निर्धारित समय-सारणी अनुसार संचालित होंगे।

उदयदेश मुरैना
R.N.I.NO.62410/85
प्रकाशक,मुद्रक स्वामी राजीव सिंह सिकरवार द्वारा राजीव प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स उदयदेश परिक्षेत्र बहोड़ापुर थाने के पास, ग्वालियर से मुद्रित एवं सूबात रोड़,लुहार गली मुरैना से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक- राजेश चिंतक
Mob. 9303104662, 9826296049
डाक पंजीयन क्र. एम पी/ चम्बल-मुरैना/147/2009-11
सभी प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र मुरैना होगा

# यति ने जीता राज्य युवा उत्सव कार्यक्रम का भाषण प्रतियोगिता, राष्ट्रीय स्तर युवा उत्सव में करेंगी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व



भिंड। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वधान में नेहरू युवा केंद्र संगठन मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 05 से 06 जनवरी 2024 को IES यूनिवर्सिटी में किया गया था। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में माननीय फग्गन सिंह कुलस्ते, केन्द्रीय इस्पात राज्य-मंत्री, भारत सरकार उपस्तिथ रहे। भिंड जिले से जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम से चुने हुए प्रतिभागियों में से कुल पांच प्रतिभागियों ने राज्य स्तर युवा उत्सव कार्यक्रम के विभिन्न प्रतियोगिताओ में भाग लिया। जिसमे से भूपेंद्र सिंह चौहान पुत्र अरविन्द सिंह चौहान और अभिषेक कुशवाह पुत्र महेश कुशवाह ने युवा चित्रकला प्रतियोगिता, प्रियंका राजावत पुत्री रणवीर सिंह राजावत ने युवा कलाकार कविता प्रतियोगिता, राय सिंह पुत्र पन्ना लाल ने युवा फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं यति सिंह सिसोदिया पुत्री नारायण सिंह सिसोदिया ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में यति को पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर भिंड जिले का जीत का परचम लहराया। माननीय केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री, भारत सरकार द्वारा यति को 15 हजार रुपए का चैक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अब यति दिनांक 12 से 16 जनवरी 2024 को नासिक, महाराष्ट्र में होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाषण प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय युवा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आगमन प्रस्तावित है। नेहरू युवा केंद्र संगठन और युवा कल्याण एवं खेल विभाग, जिला भिंड यति को आने वाली राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए बहुत शुभकामनाये एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## भाजपा के पास सब से बड़े चेहरे के रूप में डी जीपी पुरुषोत्तम शर्मा हो सकते है भाजपा के उम्मीदवार

मुरैना। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अभी से जहां एक और सभी पार्टियों ने अपना अपना विगुल बजा रखा है, उसी जगा भाजपा के पास जो पहले राजनीति के छ्ज़ए थे मुरैना से ई.जी. रुस्तम सिंह भाजपा के सब से बड़े चेहरे के रूप मै थे जो अब पार्टी मै नही रहे है तो इस को देखते हुए पार्टी की नजर पुरुषोत्तम शर्मा पे टिकी है। आप को बता दे की जो शर्मा जी है ये मध्यप्रदेश के सब से सीनियर छ्ज़ए है और रुस्तम सिंह से इन का पद भी काफी बड़ा है। हाल ही में मै देखा गया है की उनके जौरा बगले पे आये दिन काफी भीड़ लगी रहेती है और वो काफी लोगो के काम अपने इस्तर पे कर बा रहे है इस को देखते हुए शर्मा जी का जल्द ही पार्टी अपना उम्मीदवार भी बना सकती है। खुफिया सूत्रों के हवाले से इस विषय में जानकारी दी तो उन्होंने बताया कि शर्मा जी का भोपाल और दिल्ली से भी बुलावा आ रहा है इसको को देखते हुए शर्मा जी जल्द ही पार्टी की घोषणा कर सकते है।

# एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल जी ने गांव-गांव में गांधी अभियान की घोषणा की

आज, एकता परिषद के संस्थापक श्री राजगोपाल जी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने गांव-गांव में गांधी अभियान की घोषणा की, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। इस अभियान के माध्यम से विभिन्न समुदायों को एक साथ आने की प्रेरणा दी जाएगी ताकि हम सभी मिलकर एक सशक्त और समृद्ध भारत की ओर बढ़ सकें। इस घोषणा के साथ ही एकता परिषद की राष्ट्रीय समिति ने भी इस अभियान का समर्थन किया है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो हमारे देश की एकता और अखंडता को बढ़ावा देने में मदद करेगा। अतः हम सभी लोगों से यह आग्रह करते हैं कि हम एक साथ मिलकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में योगदान करें। यह हम सभी की जिम्मेदारी है और हम सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए। महात्मा गांधी के ग्रामस्वराज की अवधारणा अत्यंत व्यापक है। उनका मानना था कि भारत की स्वतंत्रता की शुरुआत नीचे से होनी चाहिए। तभी प्रत्येक गांव एक गणतंत्र बनेगा, अतः इसके अनुसार प्रत्येक गांव को आत्मनिर्भर और सक्षम होना चाहिए। गांधी जी ने ग्राम के गणतन्त्र के रूप की कल्पना की है जो कि आत्मनिर्भरता का पर्याय होगा, उन्होंने गांव को स्वतंत्र राजनीतिक और आर्थिक इकाइयों के रूप में देखने की चाह की थी। गांधी जी के विचार गांवों की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के बारे में थे। उनका मानना था कि भारत की आत्मा गांवों



में बसती है और गांधी जी ने ग्राम के गणतन्त्र रूप की कल्पना की है जो कि आत्मनिर्भरता का पर्याय होगा। उन्होंने गांव को स्वतंत्र राजनीतिक और आर्थिक इकाइयों के रूप में देखने की चाह की थी। गांधी जी की दृष्टि में गांव और किसान का महत्व बहुत अधिक था। उन्होंने गांव के विकास के लिए अपने विचार रखे और उन्होंने गांव को स्वतंत्र राजनीतिक और आर्थिक इकाइयों के रूप में देखने की चाह की थी। गांधी जी के अनुसार गांव को आत्मनिर्भर और सक्षम होना चाहिए ताकि हर गांववासी की सुख सुविधा के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। गांव के गांधी अभियान का शुभारंभ सर्वोदय प्रेस के प्रमुख एवम समाजसेवी श्री राकेश दीवान द्वारा एकता परिषद एवं समाजसेवा के लिए समर्पित युवाओं को अभियान का नाम सौंप कर घोषणा की कि यह अभियान गांव गांव जायेगा और गांधी के मूल्यों पर आधारित गांव एवम समाज की रचना के लिए जमीन तैयार करेगा। इस अवसर पर एकता परिषद के साथी श्री प्रदीप प्रियदर्शी बिहार, नयन तारा एवं दीम्बेश्वर नाथ असम, ऋषि शर्मा मणिपुर, विजय कुमार एवम डॉली ओडिसा, रामस्वरूप एवम चुन्नुलाल झारखंड, मुरली संत, प्रशांत एवम निर्मला कुजूर छत्तीसगढ़, बीजू तमिलनाडु, सियाराम एवम मेवा उत्तरप्रदेश, डोंगर भाई एवम सरस्वती मध्य प्रदेश उपस्थिति थे। इस अभियान को एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रन सिंह परमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीताराम सोनवानी, श्रद्धा एवं प्रदीप प्रिय दर्शी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह, राष्ट्रीय महा सचिव रमेश शर्मा एवं अनीश भाई, राष्ट्रीय सचिव सचिव संतोष सिंह ने अपने साथियों के साथ गांव के गांधी का दायित्व लिया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**सभी जिलों में महाविद्यालय स्तर पर ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' विषय पर होगी स्पर्धा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रतियोगिता का आयोजन कराने सभी कलेक्टर्स को जारी किए निर्देश**



भिण्ड। प्रदेश में 25 जनवरी 2024 को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में महाविद्यालय स्तर पर ' 'वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम'' विषय पर निबंध स्पर्धा का आयोजन कराया जाएगा। स्पर्धा के आयोजन को लेकर प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 25 जनवरी को पूरे प्रदेश में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मतदाता जागरूकता के लिये मतदान केंद्र स्तर तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी जिलों में महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शब्द सीमा अधिकतम 1000 शब्दों की रहेगी। सभी जिलों में 15 जनवरी तक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। श्री राजन ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता के लिए सभी जिलों में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश जारी किए गए हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी जिला स्तर के उच्च शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी की रहेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सहयोग किया जाएगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर चयन समिति का गठन कलेक्टर एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा, जबकि राज्य स्तर पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। समिति गठन की जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को दी जाएगी। श्री राजन ने बताया कि सभी 52 जिलों में चयनित प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले 52 प्रतिभागियों में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (तीन नाम प्रविष्टि के साथ) 19 जनवरी तक आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा चयनित कर कलेक्टर भोपाल एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को भेजें जाएंगे। इन प्रतिभागियों को मुख्य कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत शिविरों का आयोजन

अशोकनगर। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान अंतर्गत जिले में पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आदिवासी बस्ती धनवारा ग्राम पंचायत अंघौरा दीवान, ग्राम बख्तर, ग्राम शंकरपुर में शिविर का आयोजन किया गया है। ग्राम बख्तर मेंआयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। ग्राम शंकरपुर में जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र के लिए संयुक्त दल द्वारा आवेदन भरे गये। साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 31 बिन्दुओं पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही एवं शेष हितग्राहियों की जानकारी एकत्रित की गई।

# नेत्रदान आई हेल्थ केयर ट्रेनिंग प्लेसमेंट में मिल कर काम करेंगे आहूजा आई हॉस्पिटल एवं एम वीं एन विश्वविद्यालय

गुरुग्राम। आहूजा आई एंड डेंटल इंस्टिट्यूट न्यू रेलवे रोड गुरुग्राम एवं एम वीं एन विश्वविद्यालय पलवल ने आज एक अनुबंध किया और अब दोनों मिल कर जहां शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को ट्रेनिंग प्लेसमेंट एक्सपर्ट लेक्चर आदि के क्षेत्र में मिल कर काम करेंगे। वहीं आहूजा नेत्र संस्थान निरामया चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से एम वीं एन विश्वविद्यालय और पलवल एवं निकट के ग्रामीण क्षेत्र में मोबाइल आई केयर वाहन भेज कर मुफ्त नेत्र जांच एवं चिकित्सा तथा हेल्थ केयर का काम करेंगे। इस बारे में बताते हुए प्रसिद्ध समाजसेवी एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ त्रिलोक नाथ आहूजा ने बताया की यह एक और एक ग्यारह वाली बात होगी। इस अवसर पर एम वीं एन के वाइस चांसलर डॉ अरुण गर्ग ने इस प्रकार के अनुबंध



को दोनों के लिए लाभप्रद बताया और मिल कर शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर पूर्व औषधि नियंत्रक हरियाणा नरेन्द्र आहूजा विवेक ने कहा की निरामया चेरिटेबल ट्रस्ट आहूजा आई हॉस्पिटल गुरुग्राम के माध्यम से एम वीं एन विश्वविद्यालय के साथ मिल कर काम करने से नेत्रदान जागरूकता एवं पलवल क्षेत्र में आई केयर गांव गांव तक पहुंचाने के काम आएगा। इस अवसर पर डॉ हितेन्द्र आहूजा डॉ टी एन आहूजा डॉ राजीव रतन रजिस्ट्रार एम वीं एन तथा प्रोफेसर नरेन्द्र आहूजा विवेक एम वीं एन विश्वविद्यालय उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का समय सीमा में निराकरण हो

***'युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का होगा आयोजन, समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न***



भिण्ड। अपर कलेक्टर श्री राजकुमार खत्री की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान एसडीएम भिण्ड श्री रवि मालवीय, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं के संबंध में अधिकारियों से समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा कर कहा कि सभी विभाग प्रमुख लंबित सभी शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। आम जन की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर समीक्षा करें और आम जन की समस्याओं का गंभीरता के साथ निराकरण कराएं। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस 'युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन की तैयारियों के संबंध में चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर समस्त विद्यालयों/ महाविद्यालयों/ शिक्षण संस्थाओं/ आश्रम शालाओं/ पंचायतों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद जी पर केन्द्रित प्रेरणादायी /शैक्षिक/ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, संबंधित अधिकारी इसकी समुचित तैयारियां शासन से प्राप्त निर्देशानुसार समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पी.वी.टी.जी सहरिया जनजाति के गोहद स्थित ग्रामों के विकास हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत विभागवार कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में चर्चा कर जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने डी.ओ. लेटर, विभागीय समय सीमा संबंधी/ महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की।

## जनजातीय विशिष्ट आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि 10 जनवरी तक बढ़ी

भिण्ड। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की 8447 सीटों की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी से बढ़ाकर 10 जनवरी की गई है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर और आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिये 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे परीक्षा आयोजित होगी। प्रवेश-पत्र 29 जनवरी से डाउनलोड किए जा सकेंगे। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन प्रदेश में संचालित 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 6वीं कक्षा में 3615 सीटें हैं। प्रदेश के 81 कन्या शिक्षा परिसर में कुल 4552 बालिकाओं के लिये और 8 आदर्श आवासीय विद्यालयों में कुल 280 सीटें हैं। मेरिट सूची में चयनित एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध प्रवेश के लिये पात्र होंगे। विभागीय वेबसाइट https://www. tribal. mp.gov.in/MPTAAS के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

# मकर संक्रांति पुण्य पर्व काल 15 को मनाया जायेगा, दिन बड़े और रात होने लगेंगी छोटी



मुरेना। यू तो सूर्य हर माह एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है। इस तरह पंचांग में 12 राशियां होती है। सूर्य एक के बाद एक हर राशि में एक माह रहता है। इसके एक से दूसरी राशि में प्रवेश अर्थात संक्रमण को ही संक्रांति कहा जाता है। वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने जानकारी देते हुए कहा कि सूर्य का मकर और कर्क राशियों के संक्रमण का अन्य राशियों से धर्म ग्रंथो में अधिक महत्व है। इस में भी मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इस दिन गंगा स्नान और दान का भी विशेष महत्व है। यह त्योहार जनवरी माह में 14 या 15 जनवरी के दिन ही पड़ता है। जब 13 जनवरी की रात सूर्य का मकर राशि में रात्रि 12 बजे के बाद से 14 के दिन रहते तक प्रवेश हो तो उस साल 14 जनवरी के दिन पुण्य पर्व काल यानी मकर संक्रांति पर्व मनाया जाता है और जिस साल 14 जनवरी को रात्रि 12 बजे बाद सूर्य मकर राशि में प्रवेश करे तो फिर दूसरे दिन यानी 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर मनाया जाता है। इस बार 14 जनवरी की रात्रि 02:42 बजे सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर रहा है इसलिए 15 जनवरी को ही मकर संक्रांति पर्व मनाया जायेगा। जैन ने बताया कि यह ऐसा हिंदू त्योहार है जो चंद्रमा की विभिन्न स्थितियों के आधार पर मनाए जाने वाले अन्य हिंदू त्योहारों में से एक है। चंद्र कैलेंडर के बजाय सौर कैलेंडर के अनुसार इसकी गणना की जाती है। इस दिन से दिन बड़े होने लगते हैं जबकि रातें छोटी होने लगती हैं। मकर संक्रांति पुण्यकाल कब? - 15 जनवरी प्रातः 07:07 मिनट से सायं 05:47 बजे तक मकर संक्रांति पुण्य काल रहेगा अर्थात पूरे दिन पर्व रहेगा। महापुण्यकाल -प्रातः 07:07 बजे से प्रातः 08: 53 बजे तक सर्व श्रेष्ठ रहेगा। मकर संक्रांति पर्व विधि - 15 जनवरी को इस बार मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इस दिन पूजा करने के लिए सबसे पहले उठकर साफ सफाई कर लें। इसके बाद अगर संभव हो तो आसपास किसी पवित्र नदी तालाब कुआं आदि में स्नान करें यदि ऐसा न कर पाएं तो घर में ही गंगाजल मिलकर स्नान करके खुद को शुद्ध कर लें। इस दिन पीले वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है, तो पीले वस्त्र धारण कर सूर्य देव को अर्घ्य दें। इसके बाद सूर्य चालीसा या आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ करें। अंत में आरती करें और दान करें। दान में गर्म कपड़े, तिल युक्त वस्तुओ को जरूर दान करना चाहिए। इस दिन दान करने का खास महत्व माना गया है। जैन ने कहा इस दिन से मलमास इसके साथ समाप्त होगा धनु मल मास भी सूर्य के मकर में प्रवेश के साथ समाप्त हो जायेगा। और विवाह, ग्रह प्रवेश, देव प्रतिष्ठा आदि अन्य शुभ कार्य भी फिर से शुरू होंगे। आगे के छह महीने सूर्य उत्तरायण रहने से देवताओं के दिन माने गए हैं। इन दिनों में दिन धीरे धीरे बड़े और राते छोटी होती जायेंगी गर्मी का अहसास भी धीरे धीरे बढ़ेगा। कहते है महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्याग करने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने का इंतजार किया था।

# सेल्फी के लिए मोबाइल न देने पर किशोर की हत्या

अशोकनगर। सेल्फी लेने के मोबाइल देने से मना करने पर जीजा साले ने मिलकर एक किशोर की हत्या कर दी। मामला जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के सहराई पाडरी गांव का है। पुलिस से प्राप्त जानकारी घटना 5 जनवरी की है, जब 17 वर्षीय सुनील पिता ज्ञानी आदिवासी निवासी सहराई पांडरी का शव गांव के कुछ दूर बरखेड़ा के भरकी नाला के पास जंगल में मिला था। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपकर मामले की विवेचना शुरू की। आखरी समय किशोर को जिन लोगों के साथ देखा गया था उन लोगों से जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने पूरा जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस को पूछताछ के दौरान पता चला कि अरुण और सुनील दोनों दोस्त थे। अरुण का जीजा और अरुण दोनों मैच दिखाने के बहाने सुनील को घर से ले गए। जैसे ही वह गांव से कुछ दूर पहुंचे तो सुनील से उसका दोस्त अरुण सेल्फी लेने के लिए मोबाइल फोन मांगने लगा। जब सुनील ने मना कर दिया तो दोनों आरोपियों ने झगड़ा शुरू कर दिया। इसके बाद पहले तो अरुण एवं उसके जीजा विजेंदर ने सुनील के साथ मारपीट की इसी दौरान उसके सर पर पत्थर पटक दिया, जिसके कारण वह कुछ देर बेहोश रहा फिर उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत होने के बाद दोनों लोगों ने किसी को घटना की जानकारी ना लगे। इसकी वजह से उसकी बॉडी को उठाया और अपने घर लेकर चले गए वहां जाकर छुपा दी। अगली सुबह करीब 5 बजे वे दोनों बॉडी को लेकर जंगल की ओर गए और वहां जाकर फेंक दिया था।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना के सर्वे हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

अशोकनगर। प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान अंतर्गत जिले में पीएम जनमन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना के सर्वे कार्य हेतु आदिवासी बाहुल्य ग्रामों, ग्राम पंचायतों के लिए चारों ब्लॉकों के लिए सेक्टरवार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। ब्लॉक अशोकनगर के लिए 13 सेक्टर के लिए 13 नोडल अधिकारी, ब्लॉक ईसागढ़ के लिए 14 सेक्टर के लिए 14 नोडल अधिकारी, ब्लॉक मुंगावली के लिए 24 सेक्टर के लिए 24 नोडल अधिकारी तथा ब्लॉक चंदेरी के लिए 17 सेक्टर के लिए 17 नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। नोडल अधिकारी संबंधित ग्राम ग्राम पंचायत में संधारित पीएम जनमन कार्यक्रम के पंजी रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए योजना के शत प्रतिशत संतृप्ति हेतु आदेश प्रधानमंत्री जनमन योजनान्तर्गत परिवार सर्वे प्रपत्र में चाही गई जानकारी की पूर्ति करते हुए प्रभारी जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग संजय नागवंशी को 10 जनवरी तक जमा करना सुनिश्चित करेंगें।




पूर्व विधायक के भाई सड़क दुर्घटना में घायल - बरबसपुर के समीप एक सफेद कलर का जिप्सी वाहन पेड़ से टकराकर पलटा, जिसमें पूर्व विधायक अजय सिंह के छोटे भाई सुधीर सिंह गंभीर घायल हुए हैं, बताया जाता है कि वह ताला से लौट रहे थे, तभी उनका वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया है, उन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया है।

# अवैध रूप से उर्वरक भण्डारण एवं विक्रय पर कलेक्टर सख्त

***अवैध रूप से उर्वरक भण्डारण एवं विक्रय करने मैसर्स लक्ष्मी खाद बीज भण्डार पर की गई कार्रवाई, अवैध रूप से उर्वरक का भण्डारण एवं विक्रय किए जाने पर किया सील***

भिण्ड। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मैसर्स लक्ष्मी खाद बीज भण्डार, गांधी रोड मेहगांव को सील करने की कार्रवाई की गई। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के निरीक्षण के दौरान मैसर्स लक्ष्मी खाद बीज भण्डार, गांधी रोड मेहगांव पर 11 नवम्बर 2023 को उर्वरक गुण नियंत्रण के तहत अवैध रूप से उर्वरक विक्रय करने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई जाकर उर्वरक अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी गई थी। विगत 07 जनवरी 2024 को श्री लक्ष्मी खाद बीज भण्डार मेहगांव के द्वारा अवैध रूप से उर्वरक का भण्डारण कर एंव विक्रय किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर कलेक्टर के निर्देशानुसार उर्वरक गुण नियंत्रण के




तहत अवैध रूप से उर्वरक का भण्डारण कर एवं विक्रय किए जाने पर मैसर्स लक्ष्मी खाद बीज भण्डार, गांधी रोड मेहगांव के विरूद्ध अवैध भण्डारित उर्वरक का भण्डारण कर एवं विक्रय किए जाने पर सील करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान उर्वरक निरीक्षक मेहगांव श्री राकेश कुमार शर्मा, तहसीलदार मेहगांव श्री प्रदीप कुमार केन, नायब तहसीलदार श्री मनोज धाकड़, पटवारी श्री अनिल जैन, श्री शिवकुमार शर्मा, एसएडीओ भिण्ड श्री संजीव चतुर्वेदी, आरएईओ मेहगांव श्री अशोक कुमार चतुर्वेदी, श्री अशोक कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

# प्रदेश में स्वामी विवेकानंद और मकर संक्रांति पर होंगे 5 दिवसीय कार्यक्रम

***स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश***

भिण्ड। स्कूल शिक्षा विभाग 10 से 14 जनवरी 2024 तक प्रदेश में स्वामी विवेकानंद जयंती और मकर संक्रांति पर 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला कलेक्टर्स और विभागीय शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। प्रदेश में 10 जनवरी को शैक्षणिक संस्थाओं में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक, सांस्कृतिक और व्याख्यान संबंधी कार्यक्रम होंगे। इसके अगले दिन 11 जनवरी को योग प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार अभ्यास के साथ विद्यार्थियों के इसके महत्व पर भी चर्चा की जाएगी। शैक्षणिक संस्थाओं में 12 जनवरी को सामुहिक सूर्य नमस्कार और 13 जनवरी को कबड्डी, खो-खो, मलखंब, सितोलिया (पिट्ठू), लंबी और ऊँची कूद, रस्सा-कस्सी समेत अन्य स्थानीय पारंपरिक खेल होंगे। पाँचवे और अंतिम दिन 14 जनवरी को प्रदेशभर की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में मकर संक्रांति के वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर निंबध लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता होंगे। इसी दिन विद्यार्थियों को स्थानीय साइंस सेंटर और म्यूजियम, प्लेनेटोरियम और वेधशाला का निरीक्षण कराया जायेगा। निर्देशों में कहा गया है कि प्राचार्य कक्षा 10 और 12वीं की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए उनकी सहभागिता को स्वैच्छिक करें।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा केंसिल कर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हेतु राहुल को शुक्ला ने पत्र लिखा



गोहद। अ.भा. कांग्रेस कमेठी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा 14 जनवरी से मणिपुर से भारत जोड़ो न्याया यात्रा केंसिल कर 22 जनवरी को अध्योध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने हेतु म.प्र. किसान कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला ने उन्हें पत्र लिखकर देश की करोड़ों आम जनता की कांग्रेस के प्रति भावनाओं का सम्मान रखते हुये राहुल गांधी जी को पत्र लिखकर सुझाव देने हेतु विस्तृत रूप से अवगत कराया है। पत्र में शुक्ला ने लिखा है भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री आपके पिता स्व. राजीव गांधी जी भी अध्योध्या में श्रीराम मंदिर का उस समय शिलान्यास कर शुभारम्भ करना चाहते थे मगर उस समय किसी कारण से नहीं हो पाया। मगर आज सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह पुनीत कार्य पुनः प्रारम्भ होने जा रहा है। अतः आप व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़े जी सहित पार्टी के सभी राष्ट्रीय प्रांतीय प्रमुख वरिष्ठ नेतागण मनरु स्मृति व सनातन भारतीय संस्कृति परम्परा का मानवीय व नेतिका का ध्यान रखते हुये भारत देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सहित सभी दलों के नेताओं से मेल मुलाकात कर वहां पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें। इससे 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अवश्य सफलता मिलेगी। क्योंकि इससे आमजन में अच्छा संदेश जायेगा।

# मन से कपट का परित्याग करने पर ही शांति - शास्त्री जी

## अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो दर पे सुदामा गरीब आ गया



ग्वालियर। पारदी मोहल्ला बालाजी दरबार शिंदे की छावनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.श्री घनश्याम शास्त्री जी महाराज श्रीमद्भागवत कथा के है कि व्यक्ति को मन से कपट का परित्याग करना चाहिए। कभी-कभी सारी सब कुछ सही होती हैं लेकिन जाने-अनजाने में कभी-कभी हम लोगों से वैष्णव अपराध होता है। जिसके कारण भागवत कृपा नहीं होती और न ही भागवत दर्शन नहीं हो पाते। आज के समय में यह अपराध आसानी से हो जाता है श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस की शुरुआत ने सभी श्रद्धालुओं भक्तगणों के सवाल- गया में पिंडदान करने के बाद श्राद्ध करना चाहिए या नहीं? का उत्तर दिया। श्रद्धालुओं की जिज्ञासा को उन्होंने शांत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ एकादशी व्रत का महत्व भी साझा किया।उन्होंने कहा कि भगवान को पाने का सबसे प्रिय व्रत है एकादशी व्रत। एकादशी का व्रत सभी वैष्णवों को करना चाहिए। जो लोग भगवान को प्रसन्ना कर उन्हें पाना चाहते हैं उन्हें एकादशी का व्रत अवश्य करना चाहिए। उन्होंने भाईयों, पतियों एवं पिताओं के लिए भी खास संदेश दिया।उन्होंने कहा- शादी के बाद बहन को, बेटी को और भांजी को हमेशा देते रहना चाहिए क्योंकि आप जितना उनको देते रहेंगें, आपका घर उतना ही प्रसन्ना व भरा-पूरा रहेगा उन श्रद्धालुओं की भी जिज्ञासा शांत कराया जो भगवान के दर्शन चाहते हैं बहुत सुंदर भजन के साथ भागवत कथा का समापन हुआ अवसर पर बालाजी दरबार के महंत नरेंद्र मिश्रा पप्पी महाराज परीक्षित श्रीमती रेखा पवन कुमार झा , हरिओम शर्मा,देवेंद्र प्रजापति, सिंपी पंडित, विवेक तिवारी उपस्थित करें।

## हम प्याला ही उड़ा ले गया था सवा लाख भरा बैग, गिरफ्तार

ग्वालियर। भितरवार थनान्तर्गत सवा लाख से भरा बैग लेकर फरार हुए हम प्याला दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर नगदी बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भितरवार थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ाजर के रहने वाले भारत किरार की गांव में ही रहने वाले श्याम सुन्दर से गहरी मित्रता थी। दोनों का आपस में खाना पीना चलता था। गत दिवस दोपहर एक बजे के आस पास भारत किसी से सवालाख की नगदी लेकर बैग में रखकर लाया था। इसी दौरान पार्वतीपुल स्थित शराब की दुकान पर भारत को श्यामसुन्दर मिल गया। दोनों ने जमकर शराब पी जब भारत को नश चढ़ा तो श्याम सुन्दर उसका सवालाख रुपये से भारा बैग लेकर चंपत हो गया। घर पहुंचने पर जब भारत को होश आया तो बैग की याद आई उसने बैग के बारे में श्याम सुन्दर से पूछ तो वह मुकर गया। इसकी सूचना भारत किरार द्वारा संदेह व्यक्त करते हुए श्याम सुन्दर को नामजद कराया। उससे पुलिस ने पूछताछ की तो पुलिस को वह गुमराह करता रहा जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो बैग ले जाना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नगदी बरामद कर उसके विरुद्ध चोरी का मामला 379 के तहत दर्ज कर दाखिले हवालात कर दिया।

# सोनागिर में मध्यप्रदेश जैन विद्वत्परिषद् के पदाधिकारो को तत्वज्ञान के प्रचार प्रसार की दिलाई शपथ, हुआ अधिवेशन सम्पन्न

## जैन तत्वज्ञान के प्रसार प्रसार में विद्वत्परिषद् की महती भूमिका सिद्ध होगी - पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य



ग्वालियर। जैन सिद्ध क्षेत्र सोनागिर में श्री अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद् मध्यप्रदेश का शपथ समारोह एवं अधिवेशन श्री परमागम श्रावक ट्रस्ट के विशेष सहयोग से तीन दिवासियां कार्यक्रम कुन्दकुन्द नगर सोनागिर में अनेक उपलब्धियों के साथ सानन्द सम्पन्न हुआ। जिसमे ग्वालियर, जबलपुर, नागपुर, इंदौर, भिंड, आगरा, दिल्ली, विदिशा, आदि जगहों से पहुंचे। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ नववर्ष की बेला में श्री कुन्दकुन्द विद्यानिकेतन सोनागिरि के छात्रों द्वारा जिनेन्द्र भक्ति आयोजित की गई। तत्पश्चात प्रथम प्रवचन अन्तर्राष्ट्रीय विद्वान पण्डित विपिन जी शास्त्री नागपुर एवं द्वितीय प्रवचन ब्र. श्रेणिक जी जबलपुर का हुआ। प्रवचन के पश्चात् विशिष्ट अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन 'आदित्य' झांसी का मध्यप्रदेश विद्वत्परिषद् की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विद्त्परिषद मध्यप्रदेश के अध्यक्ष पं. शुद्धात्म जैन शास्त्री ने बताया कि दूसरे दिन सुबह भगवान जिनेन्द्र का अभिषेक एवं पूजन के पश्चात्त श्रीमति मधु-सतीश जैन रविनगर ग्वालियर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात श्री कुन्दकुन्द विद्यानिकेतन सोनागिरि के छात्रों द्वारा दिव्य घोष के साथ सामूहिक पंच तीर्थ जिनमंदिर की वंदना की गई। विद्वत्परिषद् अधिवेशन का मंगला चरण पं.सुमित शास्त्री इन्दौर ने किया। मंच उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री पदमचंद जी पहाड़िया इन्दौर एवं श्री केशवदेव जैन कानपुर के द्वारा किया। अध्यक्षता पण्डित गुलाबचंद जैन बीना ने की। पण्डित अनिल शास्त्री भिण्ड द्वारा विशेष प्रेरक प्रवचन हुआ। मार्गदर्शक डॉ. मुकेश जी तन्मय विदिशा ने विद्वत्परिषद् मध्यप्रदेश की कार्यकारिणी को तत्वज्ञान के प्रचार प्रसार की शपथ दिलाई तथा मंचासीन अतिथियों द्वारा सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित कर नियुक्ति प्रमाण पत्र एवं किट भेंट की गई। विद्वत्परिषद राष्ट्रीय महामंत्री अखिल बंसल ने विद्वत्परिषद् का इतिहास, कार्य एवं योजना प्रस्तुत की। विद्वत्परिषद् मध्य प्रदेश के अध्यक्ष डॉ॰ शुद्धात्म जैन शास्त्री ने वर्ष 2024को तत्वार्थसूत्र वर्ष मनाने की घोषणा की। दोपहर का विशेष सत्र-खुला मंच डॉ. अखिल बंसल की अध्यक्षता, डॉ. अरविन्द कुमार जैन जय-पुर के मुख्य आतिथ्य म? रखा गया। इस अवसर पर पण्डित गुलाबचंद जैन बीना, डॉ. विकाश बानपुर (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) पण्डित विपिन शास्त्री नागपुर (सत्पथ फाउण्डेशन).ब्र. श्रेणिक जबलपुर, पण्डित प्रकाश छाबड़ा इन्दौर, पं.अनिल शास्त्री भिण्ड, डॉ॰ सतीश अलीगढ़, (महामंत्री-उत्तर प्रदेश) पं.विनीत जी आगरा (उपाध्यक्ष-उत्तर प्रदेश) पण्डित सुनील शास्त्री ग्वालियर मंच पर उपस्थित रहेतथा मध्य प्रदेश से आये विद्वानों में पण्डित आशीष टीकमगढ़, देवेन्द्र कोलारस, विनीत आगरा, आशीष भिण्ड, पंकज खड़ैरी, अशोक राघौगढ़, राजेन्द्र खड़ैरी, संजय खनियांधाना, केसरीमल पाटनी सोनागिर, राहुलजी दमोह, सुमत शास्त्री छिन्दवाड़ा, जीवेश शास्त्री सोनागिर, पुष्पेन्द्र जी भिण्ड, राहुल बदरवास, रजत ग्वालियर आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शुद्धात्म शास्त्री ग्वालियर ने किया। वही रात्रि के सत्र में जिनेंद्र भक्ति के बाद पण्डित गुलाबचंद बीना का मार्मिक प्रवचन हुआ। तत्पश्चात डॉ. मुकेश शास्त्री विदिशा की अध्यक्षता में समापन समारोह हुआ। जिसमें आगन्तुक विद्वानों एवं परमागम श्रावक ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्त्परिषद मध्यप्रदेश के अध्यक्ष पं. शुद्धात्म जैन शास्त्री, महामंत्री पं.निकलेश जी शास्त्री दलपतपुर एवं पं.विकास मोदी मौ,के कुशल निर्देशन एवं परमागम श्रावक ट्रस्ट के मंत्री डॉ॰ मुकेश शास्त्री विदिशा ,प्राचार्य पं.जीवेश शास्त्री, अधीक्षक, पं.अभिषेकजी शास्त्री, पं.आदित्य शास्त्री के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ।

# पुलिस ने चार शातिर वाहन चोरों को पकड़कर चोरी की एक दर्जन से अधिक मोटर साइकिल व स्कूटी की जप्त

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल के निर्देश पर ग्वालियर जिले में वाहन चोरों तथा नकबजनी के अपराधियों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देशों के तारतम्य में जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 03.01.2024 को थाना सिरोल क्षेत्रान्तर्गत डी.बी सिटी के सामने तीन वाहन चोर चोरी की मोटर सायकिल लेकर आने वाले है। उक्त सूचना पर एएसपी शहर (पूर्व/ अपराध/ यातायात) ने थाना सिरोल व क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर डीबी सिटी के सामने वाहन चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच निरी0 अमर सिंह सिकरवारङ व ङथाना प्रभारी सिरोल निरी0 विनय सिंह तोमरङ के द्वारा थाना सिरोल व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को मुखबिर के बताये स्थान डी.बी सिटी के सामने वाहन चैकिंग हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम को डीबी सिटी के सामने वाहन चैकिंग के दौराने तीनों संदिग्ध लड़के डीलक्स मोटरसायकिल से आते हुये दिखे, जिन्होने पुलिस वाहन चैकिंग को देखकर मोटरसायकिल वापस पीछे मोड़कर भागने का प्रयास किया गया, परन्तु मुस्तैदी से खड़े जवानों से उक्त तीनो व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये तीनों व्यक्तियों के पास से मिली डीलक्स मोटरसायकिल के संबंध में पूछताछ की तो उनके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रसाय किया गया।



पुलिस टीम द्वारा जब तीनों व्यक्तियों से गहनाता से पूछताछ की तो तीनों ने अपने एक और अन्य साथी के साथ मिलकर दिनांक 03.01.2024 को टीगेदर रेस्टोरेंट के सामने से उक्त मोटरसायकिल चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा चोरी की डीलक्स मोटरसायकिल को विधिवत जप्त कर तीनो वाहन चोरों को थाना सिरोल के अप0क्र0- 02/24 धारा 379 के प्रकरण में गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये तीनों वाहन चोरों से उनके अन्य साथी के संबंध में पूछताछ की तो उनकी निशादेही पर चौथे साथी को गदाईपुरा से गिरफ्तार किया गया जिसके पास से चोरी की 11 मोटरसायकिल व 01 स्कूटी जप्त की गई है जिन्हे चारों वाहन चोरों ने मुरार, डीबी मॉल, फूलबाग, जिला मुरैना, भिंड, इटावा से चोरी किया गया है। ज्ञात हो कि दिनांक 03.01.2024 को फरियादी नरोत्तम रावत निवासी ग्राम आमखो पहाड़िया ग्वालियर ने थाना सिरोल में रिपोर्ट लेख कराई थी कि में टीगेदर रेस्टोरेंट में काम करता हूॅ। आज सुबह मैं अपनी डीलक्स मोटरसायकिल टीगेदर रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी करके अंदर काम के लिये चला गया था, शाम को जब में घर जाने के लिये बाहर आया तो मुझे मेरी मोटरसायकिल रखे हुये स्थान पर नही मिली जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर से थाना सिरोल में अज्ञात चोर के खिलाफ अप0क्र0- 02/24 धारा 379 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। सराहनीय भूमिकाः- थाना प्रभारी अपराध निरी0 अमर सिंह सिकरवार, थाना प्रभारी सिरोल निरी0 विनय सिंह तोमर, क्राइम ब्रांच टीम- उनि0 प्रवीण शर्मा, पूनम कटारे, राहुल अहिरवार, शिशिर तिवारी, सउनि0 राजीव सोलंकी, प्र.आर0 मुकेश चौहान, राजीव शुक्ला, आर0 श्याम शर्मा, राहुल दुबे, सौरभ चौहान, सोनू परिहार, देवव्रत तोमर, प्रमोद शर्मा, रूपेश शर्मा, सुमित शर्मा, रनवीर शर्मा, रामबीर सगर, अरूण पवैया, मनीष कटारे, अनिल मौय, ङथाना सिरोल टीम-ङ उपेन्द्र सिंह धाकड़, प्र.आर0 मेघ सिंह, नरेश, रूप सिंह, सोनवीर, आर0 दिलीप, बलराम, महेश, अनुवेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही।

## अग्रवाल महिला समिति मुरार का 15वां वार्षिकोत्सव मनाया

ग्वालियर। अग्रवाल महिला समिति मुरार का 15वां वार्षिकोत्सव एवं न्यू ईयर डॉ नमिता अग्रवाल, अग्रवाल महासभा की सहमंत्री ज्योति अग्रवाल, पूनम अग्रवाल हमारे मुख्य अतिथि के सानिध्य में गोयल वाटिका हुरावली पर शनिवार को दिनाक 6-1-2024 विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों नाटक एवं डांस की प्रस्तुति देकर अत्यंत आनंद के साथ मनाया गया। इसमें हमारी पूर्व व नई सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक अपनी-अपनी कलाएं एवं अनुभव पेश किये। सभी नववर्ष में आगन्तुक सदस्याये बधाई की पात्र हैं।

# विधानसभा आम चुनाव में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 78 शासकीय सेवक सम्मानित

## कलेक्टर श्री सिंह ने सौंपे प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह



ग्वालियर। जिले में विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 78 अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने सोमवार को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सभी को बधाई व शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार व श्री टी एन सिंह सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट योगदान के लिये जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिले के विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी व सहयोगी स्टाफ, मास्टर ट्रेनर्स, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी व राजस्व निरीक्षक, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों सहित कुल 78 शासकीय सेवकों को सम्मानित किया गया है।

# नीचे लटकती घुलती बिजली की तार कभी भी हो सकता है हादसा



कैलारस। कैलारस कस्बे के अंदर विधुत विभाग की लापरवाही लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन सकती है। यहां बता दे कि कैलारस में विधुत विभाग के द्वारा बिजाली की केबिलों को सही तरीके से ठीक नहीं किया जाता बरसों से लटकती केबिलें बड़े हादसे का कारण बन सकती है क्युकी हाइवे से निकलने वाले ओवरलोड ट्रक इन केबिलों से टकरा जाते हैं जिससे यह केबिलें टूटकर नीचे आ जाती है जिससे आम जीवन पर कभी भी कोई बड़ा संकट गहरा सकता है लेकीन विद्युत विभाग अपनी लापरवाही को नजरंदाज करता आ रहा है। गली मोहल्लों के ऊपर से निकलती लाइने भी बहुत नीचे लटकी हुई है जिससे रहवासियों के लिए खतरा बना रहता है।

## बारह वर्षीय किशोर का बहला फुसलाकर किया अपहरण

ग्वालियर। जिले के डबरा, शहर थानान्तर्गत एक बारह वर्षीय किशोर का बहला फुसला कर अपहरण किये ज़ने की खबर है। पुलिस द्वारा मुदकमा कायम किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फर्सीवाली गली भदौरिया नगर डबरा की रहने वाली श्रीमती जानकी पत्नी स्व. रणवीर सिंह परमार 60 वर्ष का 12 वर्षीय पुत्र अभिषेक परमार 7 जनवरी 2023 की सुबह 8 बजे से लापता हो गया था। उसकी तलाश में परिजनों द्वारा हर संभव प्रयास किये गये। जब उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बहला फुसलाकर अपहरण करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अपहृत किशोर एवं आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# श्रीमद भागवत कथा समापन के बाद हुआ भण्डारे का आयोजन



कैलारस। आज कैलारस में श्रीमदभागवत कथा जो दिनांक 01 जनवरी से महंत श्री अयोध्यादास दास जी महाराज अयोध्या जी की मधुर वाणी से राघव मैरिज कैलारस में कथा का वाचन किया जा रहा था जिनकी अमृतमयी वाणी सुनने लोग आ रहे थे इस श्रीमद भागवत कथा का आयोजन सुनीता रामनाथ गोयल पचोखरा वालों के व्दारा किया जा रहा है।आज श्रीमद भागवत कथा की पूर्ण आहुति के साथ साथ भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की तादात में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

## ग्वालियर व्यापार मेले से हटाया अवैध अतिक्रमण

ग्वालियर। निगम के मदाखलत अमले ने ग्वालियर मेले में अवैध रूप से झुगी झोपडी बनाकर रह रहे एवं अवैध रूप से लगाए गए ठेले वालों को हटाया। मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्वालियर व्यापार मेला परिसर के अंदर आवंटित दुकानों, शोरूम के स्थल पर बनी झुग्गी झोपडियो एवं मेला के अन्दर सैलानियों को आवागमन मार्ग पर लगी फुटपाथी दुकान, हाथ ठेले एवं आवंटित दुकानों के बाहर रखे मेला प्राधिकरण द्वारा निर्धारित तय सीमा के विरुद्ध रखे सामान को मेला प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा बताए निर्देशित अतिक्रमण को हटाया गया। कार्यवाही के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्रीकांत सेन व पुलिस अमला मौजूद रहा।

# मुझे अभी भी 1 मिनट की फुरसत नहीं




भोपाल। जिंदगी में जब हम लक्ष्य तय कर लें दूसरों के लिए काम करने का तो जिंदगी आनंद से भर जाती है मुझे अभी भी एक मिनट फुर्सत नहीं है लगातार लगा हूं काम में यह अच्छा हुआ थोड़ा राजनीति से हटकर काम करने का मौका मिल रहा है। राजनीति में भी बहुत अच्छे कार्यकर्ता, समर्पित कार्यकर्ता, सेवा करने वाले लोग, मोदी जी जैसे नेता हैं जो देश के लिए जीते हैं। लेकिन कई लोग ऐसे होते हैं जो रंग देखते हैं मुख्यमंत्री हैं तो भाई साहब आपके चरण तो कमल के समान हैं। कर कमल हो जाते हैं, चरण कमल हो जाते हैं और बाद में नहीं रहे तो होर्डिंग से फोटो ऐसे गायब होते हैं जैसे गधे के सर से सींग।

# पुलिस अधीक्षक ने चैंबर ऑफ कॉमर्स से की अपील : हमारा और आपका सहयोग ग्वालियर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बना सकता है

## चेंबर अध्यक्ष डॉ प्रवीण अग्रवाल ने बाजारों की एसोसियेशन के सहयोग से कैमरे लगवाने के लिए पुलिस प्रशासन को किया आश्वस्त

ग्वालियर। मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री में आज शाम 4.00 बजे से शहर की यातायात एवं कानून व्यवस्था पर पुलिस अधीक्षक-राजेश सिंह चंदेल के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक के साथ ही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात)-डॉ. ऋषिकेश मीणा, डीएसपी ट्रैफिक-अजीत सिंह चौहान, सीएसपी लश्कर-के.एम. सियाज, ट्रैफिक टीआई-गोला का मंदिर-धनंजय शर्मा, ट्रैफिक टीआई-झांसी रोड-प्रमोद साहू, ट्रैफिक टीआई-कम्पू-अभिषेक रघुवंशी से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का चैंबर के पदाधिकारियों द्वारा फलों की टोकरी एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। MPCCI अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज पुलिस अधीक्षक महोदय अपनी पूरी टीम के साथ हमारे आग्रह पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स में पधारे हैं। ग्वालियर पुलिस बेहतर कार्य कर रही है, इससे अपराध कम घटित हो रहे हैं और अपराध घटित होने पर उनको ट्रेस करने का प्रतिशत भी 90 प्रतिशत से ऊपर है। आपने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था भी कानून व्यवस्था में ही आती है। यदि हम इस समस्या को तकनीकी तौर पर हल करेंगे तो कम पुलिस बल में भी हम बेहतर प्रयास कर पाएंगे। आपने कहा कि आज की बैठक में रखी जाने बाली यातायात समस्याओं का भी हल निकलेगा, ऐसी हम उम्मीद करते हैं। आपने कहा कि सरकार की पहल पर हर छोटे से छोटा व्यवसायी भी कैशलेस की तरफ कदम बढा रहा है लेकिन सायबर अपराध उसके इस कदम में प्रतिरोधक बन रहे हैं। इसलिए सायबर अपराध को रोकने के लिए कोई ऐसा हेल्प लाइन नंबर जारी होना चाहिए ताकि व्यक्ति सायबर अपराध घटित होने पर




शीघ्रता से अपनी शिकायत दर्ज करा सके क्योंकि इन घटनाओं में प्रारंभ के कुछ घंटे बहुत महत्वपूर्ण होते हैं यदि इस समय में प्रभावी कार्यवाही हो, तो सायबर अपराधी को पकड़ा जा सकता है। बैठक में पधारे व्यवसायी एवं उद्योगपतियों ने लेफ्ट टर्न, रॉंग साइड वाहन, तेज हॉर्न, सड़कों पर अतिक्रमण, सवारी वाहन स्टॉप के कारण हो रही परेशानी, ट्रैक्टर ट्रॉलियां का शहर में पीक टाइम में आना, ई-रिक्शा ऑटो रिक्शा की बढती संख्या, ट्रैफिक सिग्नल, एजी ऑफिस पुल, गाडर वाली पुलिया पर बिरलानगर क्षेत्र में बने पुल हादसों को देखते हुए इनमें सुधार सहित शहर के विभिन्न बाजारों जिनमें लश्कर, मुरार, उपनगर ग्वालियर में लगने वाले जाम की समस्या को रखते हुए उनके सुझाव भी बैठक में देते हुए अपनी बात पुलिस अधीक्षक महोदय एवं उनकी टीम के समक्ष रखीं।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-डॉ. ऋषिकेश मीणा द्वारा व्यापारियों द्वारा रखे गये प्रत्येक बिन्दु को नोट करते हुए उसका उचित हल बैठक में प्रस्तुत किया। साथ ही नगर निगम, स्मार्ट सिटी एवं कलेक्टर महोदय के अधिकार क्षेत्र के तहत होने वाले कार्यों को उनके माध्यम से शीघ्र कराए जाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक-राजेश सिंह चंदेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहर की समस्याओं से हम सभी परिचित हैं। शहर की समस्याएं तीन प्रकार की हैं, व्यक्तिगत, हितबद्ध और कॉमन समस्या। कठिनाई तब होती है, जब हम इन तीनों को मिक्स कर देते हैं। आपने उदाहरण दिया कि इंदौर में जब मैं रहा तो वह उतना स्वच्छ शहर नहीं था लेकिन आज निरंतर स्वच्छता में नंबर वन आ रहा है। वह धीरे-धीरे इस ओर बढा है और आज वहां का लगभग हर नागरिक शहर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था का ख्याल रखता है। यदि हम और आप मिलकर सहयोग करेंगे तो शहर की यातायात व्यवस्था हल हो जाएगी और हमारा ग्वालियर शहर भी यातायात में सुव्यवस्थित हो सकेगा। हमने शहर के 26 पॉइंट्स का निरीक्षण कलेक्टर महोदय के साथ करके समस्याओं को नोट किया है और उस पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। हम तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ई-चालान कर रहे हैं। 650 कैमरे हमने मांगें जो कि अब तक पुलिस बल को नहीं मिल पाए हैं। आपने कहा कि यदि आप इसमें पुलिस की मदद करेंगे तो हम और बेहतर व्यवस्था बना पाएंगे। आपने कहा कि बाजारों में द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को बैठक वहां की एसोसिएशन के साथ करके यातायात व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

# जीवित व्यक्तियों के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर अनुग्रह राशि हड़पने का प्रयास

ग्वालियर। जिले के भितरवार थानान्तर्गत शासन की योजना को पलीता दिखने का अजीबो गरीब खेल खेला गया। अनुग्रह राशि हड़पने के लिए जवित व्यक्तियों के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिये गए। पुलिस द्वारा चार लोगों को धोखाधड़ी के आरोप में नामजद किया गया। प्राप्त जानकारियों के अनुसार ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों से रिश्वत लेने की बातें तो सदैव चर्चा में रहती ही हैं। लेकिन भितरवार थाना क्षेत्र के कठौदा ग्राम पंचायत में तो भ्रष्टाचारी की सारी दें पार करने का ही षड़यंत्र रचा गया। बताया गया है कि भीकम सिंह रोजगार सहायक, वीरेन्द्र सिंह सचिव, उपसरपंच ग्राम पंचायत किठौदा एवं जयघर राम पी.सी.ओ. जनपद पंचायत भितरवार ने मृत व्यक्तियों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को हड़पने के लिए ग्राम पंचायत के जीवित लोगों के ही मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिये। इसका खुलासा होने पर मोहन लाल चिकवा, खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत भितरवार द्वारा पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला 420, 467, 468 आई.पी.सी. के तहत दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना के साथ आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है।

## मकान विक्रय अनुबंध करके सत्तर लाख की लगाई चपत

ग्वालियर। माधौगंज थानान्तर्गत मकान जमीन का विक्रय हेतु अनुबंध पत्र कराकर करीबन सत्तर लाख रुपये की नगदी लेकर आरोपी डकार गया पुलिस द्वारा धोखा धड़ी का मुकदमा कायम किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राघवेन्द्र अवस्थी पुत्र स्व. बालमुकुंद अवस्थी 58 वर्ष निवासी अवस्थी सदन ललितपुर कॉलोनी माधव डिस्पेन्सरी के सामने लश्कर ग्वालियर से मोहिते साहब का बाड़ा लक्कड़ खानरा के मकान एवं जमीन के विक्रय हेतु आरोपी संजय मोहिते, पुत्र स्व. आनंद राव मोहिते निवासी मोहिते साहब का बाड़ा ने 11 लाख 70 हजार रुपये में मकान का सौंदा किया तथा जमीन का 58 लाख 30 में सौदा करके अनुबंध पत्र बनवाकर करीबन 70 लाख की नगदी 16.11.21 से 7.11.23 के बीच ले ली। इसके बाद मकान व जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई। जब फरियादी राघवेन्द्र अवस्थी ने चर्चा की तो वह बेईमानी पर उतर आया। इसकी सूचना पर से पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 70 लाख की धोखधड़ी व अमानत में ख्यानत का मामला 420, 406 आई.पी.सी. के तहत दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की गहनतापूर्वक विवेचना की जा रही है।

## ग्वालियर की बेटी तान्या का सुयश, लंदन की यूनिवर्सिटी करेंगी मास्टर डिग्री

ग्वालियर। ग्वालियर के मुरार ब्लॉक में स्थित छोटे से गांव सिंगारपुरा निवासी पूर्व सरपंच मुरारी लाल किरार की भतीजी सुश्री तान्या राजपूत ने विश्व स्तर पर ग्वालियर का नाम रोशन किया है। तान्या राजपूत के लंदन के प्रसिद्ध रवेंसबौर्न विश्विद्यालय में प्रवेश मिलने पर ग्रामवासियों एवं परिवार जनों ने बधाई दी। सुश्री तान्या के पिता रामसेवक राजपूत ने बताया कि तान्या अंतराष्ट्रीय स्तर की पढाई कर अपनी अलग पहचान बनाना चाहती है। उन्हें बेटी पर गर्व है। तान्या ने अपनी स्नातक शिक्षा मांउट आबू से ही पूरी की है। जनवरी 2024 से शुरू होने वाले पाठयक्रम के लिए तान्या जल्दी इंग्लैंड के लिए उडान भरेंगी। तान्या लंदन के रवेंसबौर्न विश्विद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री की पढाई करेंगी। लंदन के इस नामी विश्वविद्यालय में तान्या के चयन के साथ साथ उन्हें साढे चार लाख की छात्रवृति भी मिलेगी।

# भिण्ड जिले में 16 थानों में बनाये थाना प्रभारी, तीन का. निरीक्षक लाइन अटैच

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा डेढ़ दर्जन से अधिक निरीक्षक, कार्यवाहक निरीक्षक, उप निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों का स्थानानतरण किया जाकर 15 को थाना प्रभारी तीन को लाइन अटैच किया गया। आदेशानुसार निरी. प्रवीण चौळान थाना गोरमी से थाना सिटी कोतवाली, निरी. प्रदीप सोनी थाना गोहद चौराहा से थाना देहात, निरी. सुधीर सिंह कुशवाह थाना देहता से थाना गोहद चौराह, का. निरी. सतेन्द्र राजपूत थाना सिटी कोतवाली से थाना फूफ, का. निरी. राजेश सातनकर्र थाना मिहोना से पुलिस लाईन भिण्ड, का. निरी. विजय केन थाना फूफ से थाना मिहोना, का. निरी. परमानन्द शर्मा थाना दमोह से थाना लहार, का. निरी. वरूण तिवारी थाना लहार से थाना आ.ज.क., उ.नि. आषीश यादव थाना कोतवाली से थाना असवार, उ.नि. आलोक तोमर थाना नयागांव से थाना कोतवाली, उ.नि. वैभव तोमर थाना असवार से थाना नयागांव, निरी. ओ.पी. मिश्रा थाना मेहगांव से थाना रौन, का.निरी. ब्रजेन्द्र सिंह सेंगर थाना रौन से पुलिस लाईन भिण्ड, का.वा. निरी. सी.पी. चौहान थाना बरासो से पुलिस लाईन भिण्ड, उ.नि. विजय शिवहरे थाना अमायन से थाना देहात, उ.नि. अजय यादव थाना देहात से थाना अमायन, उ.नि. सोहनीश तोमर, थाना भारौली से थाना दबोह, उ.नि. देवेन्द्र राठौर थाना दबोह से थाना भारौली, उ.नि. अरविन्द सिकरवार थाना मौ से थाना बरसो पदस्थ किये गये।

# मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के परिचय सम्मेलन को लेकर प्रारंभ हुआ जनसंपर्क अभियान

## घर-घर जाकर समाजजनों से किया जाएगा संपर्क, 15, 16 एवं 17 मार्च को होगा भव्य परिचय सम्मेलन

शिवपुरी। अपने भावी जीवन साथी की तलाश को पूरा करने के लिए मध्यदेशीय अग्रवाल समाज शिवपुरी के द्वारा आगामी 15 से 17 मार्च 2024 तक भव्य अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को भव्यता एवं सफलता प्रदान करने के लिए मध्यदेशीय अग्रवाल समाज अध्यक्ष रामजीलाल बंसल, संयोजक गौरव सिंघल सहित समस्त टीम के द्वारा जनसंपर्क अभियान की भव्य शुरूआत 8 जनवरी सोमवार से की गई है जिसके चलते घर-घर जनसंपर्क कर समाजजनों को इस




आयोजन से जोड? और उनकी सहभागिता को लेकर सतत संपर्क किया जा रहा है। भव्य अग्रवाल परिचय सम्मेलन में एक ओर जहां से मंचीय कार्यक्रम 15 से 17 मार्च तक होगा तो वहीं इसके पूर्व भी घर-घर जनसंपर्क कर अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय फार्म भरवाए जा रहे है साथ ही सामाजिक रूप से अपने-अपने प्रतिष्ठानों के आकर्षक विज्ञापन से सुसज्जित परिचय स्मारिका भी तैयार की जा रही है जिसे लेकर भी समाजजनों से सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। मध्यदेशीय अग्रवाल समाज शिवपुरी का लक्ष्य है कि स्मारिका में 1200 से अधिक विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय स्मारिका में प्रकाशित किया जा सके। इस परिचय सम्मेलन कार्यक्रम की सफलता के लिए घर-घर जनसंपर्क करने वालों में मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के सभी पदाधिकारी एवं समाजजनों में मंत्री प्रांशुल अग्रवाल, प्रकाशचंद ठेईया, अजीत कुमार ठेईया, अमन कुमार गोयल, सत्यनारायण बंसल, घनश्यामदास प्रधान, सीताराम अग्रवाल, चन्द्रकुमार बंसल, ऋषि गोयल, आर्यन गोयल पंसारी आदि शामिल है।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिवपुरी के साहित्यकारों ने किए शोध आलेख प्रस्तुत

## दो दिन चली राष्ट्रीय संगोष्ठी में तीन साहित्यकारों ने की सहभागिता

शिवपुरी- भारत की सबसे पुरानी साहित्यिक संस्था मध्यभारतीय हिंदी साहित्य सभा ग्वालियर द्वारा कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में विश्व को भारत की देन विषय पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया,जिसमे देशभर के मूर्धन्य साहित्यकारों ने विश्व को भारत की देन विषय पर अपने आलेख प्रस्तुत किये।शिवपुरी के तीन साहित्यकारों ने अपने शोध आलेख संगोष्ठी में प्रस्तुत किये। संगोष्ठी का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तो समापन कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरविंद सक्सेना व लोक सेवा आयोग के सदस्य देवेंद्र मरकाम ने किया,पाथेय अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर ने दिया। शिवपुरी के प्रमोद भार्गव ने दशावतार के विज्ञान के साथ पुरातन विज्ञान की सुंदर व्याख्या अपने अध्यक्षीय क्रम में प्रस्तुत की और कहा कि भारतीय मान्यताओं में भगवान के दशावतार हुए है,और ये अवतार विश्व को मानव सभ्यता सृष्टि के क्रम को समझाने के लिए है,जिसे कई विदेशी वैज्ञानिकों व शोध कर्ताओं ने भी स्वीकार किया है। शिवपुरी के ही लखनलाल खरे ने पाककला पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि गंभीर से गंभीर बीमारियों के निदान में भारतीय पाक कला सहायक है।कोन्दू के चावल के नियमित उपयोग से कैंसर जैसी बीमारी का इलाज किया जा सकता है,जिसे हम तो भूल रहे है,पंरन्तु विदेशी स्वीकार कर स्वस्थ जीवन जी रहे है। शिवपुरी के युवा लेखक आशुतोष शर्मा ने इस अवसर पर आयुर्वेद पर आधारित अपने शोध को प्रकट करते हुए कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के बाद विश्व ने भारतीय दर्शन आयुर्वेद को स्वीकार किया है मानव शरीर के लिए उसके महत्व को समझा है,इसी लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारतीय आयुर्वेद संस्थान के साथ मिलकर जामनगर गुजरात मे संस्थान प्रारम्भ किया है, तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा, मुलेठी जैसी औषधियों से आज सारा विश्व परिचित हुआ है।बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के आयुर्वेदिक औषधियों पर हुए शोध के बादआज सारा विश्व जीवन के लिए अमृत इसे मान चुका है। संचालन डॉ करुणा सक्सेना,वंदना कुशवाह,व्याप्ति मदेकर,जान्हवी नाइक,अंकित अग्रवाल ने किया। आभार सभा के अध्यक्ष डॉ कुमार संजीव ने माना व देश भर के आये साहित्यकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये।



# पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह ने किया शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण मिली कमियों पर जताई नाराजगी

## शासकीय प्राथमिक विद्यालय हरई में दो शिक्षकों में से एक शिक्षक लेट तो दूसरा शिक्षक मिला नदारद, क्षेत्रीय ने जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान किया स्कूल का निरीक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी को दिए कार्रवाई के निर्देश





शिवपुरी/पोहरी- पोहरी विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक कैलाश कुशवाह के द्वारा पोहरी क्षेत्र के अंतर्गत संचालिक शासकीय विद्यालयों में आकस्मिक निरीक्षण किया और मिली कमियों पर नाराजगी जताई गई, जिसमें कई विद्यालयों में दो में से एक शिक्षक तो कहीं शिक्षक ही नदारद पाए गए, इसके अलावा उन्होंने जन आर्शीवाद यात्रा के दौरान विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण करते हुए कमियां पाए जाने पर संबंधित स्कूलों के शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को दूरभाष पर ही मौके पर निर्देश दिए साथ ही कार्यवाही से अवगत कराने की बात भी कही। बताना होगा कि पोहरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरई के हरिजन मोहल्ला में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय का सोमवार दोप्हर 2 बजे क्षेत्रीय विधायक कैलाश कुशवाहा द्वारा औचक निरीक्षण किया गयाद्य इस दौरान विद्यालय में पदस्थ दो शिक्षकों में से एक शिक्षक नदारत मिला तो वहीं दूसरा शिक्षक विद्यालय खुलने के लगभग 4 घंटे बाद पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कि दूसरे शिक्षक ने विधायक के आने से पहले ही स्कूल खुला है, इसे देखकर विधायक श्री कुशवाह ने ग्रामीणों के समक्ष जिला शिक्षा अधिकारी को मौके से फोन लगाते हुए कहा कि है यह कैसी शिक्षा व्यवस्था है, यहां स्कूल में पदस्थ दो शिक्षकों में से एक शिक्षक नाथू सिंह तोमर नदारद है तो दूसरा शिक्षक नरेश सिंह तोमर भी समय पर स्कूल नहीं आए है, ऐसे शिक्षकों पर तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को दोनों शिक्षकों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए, साथ ही विधायक श्री कुशवाह ने मौके पर एक पंचनामा एवं वीडियो भी बनवाकर जिला शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया है। गौरतलब है कि क्षेत्रीय विधायक कैलाश कुशवाहा पहले जिले के इकलौते विधायक हैं जिन्होंने जीतने के बाद गांव-गांव पहुंचकर जन आशीर्वाद ले रहे हैं, साथ इसी दौरान शासकीय स्कूल एवं उचित मूल्य की दुकानों के अलावा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य स्वास्थ्य केदो का सतत निरीक्षण कर रहे।

**विधायक ने हरिजन मोहल्ले के शासकीय विद्यालय का किया निरीक्षण**

ग्रामीणों का जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान क्षेत्रीय विधायक कैलाश कुशवाह के द्वारा हरिजन मोहल्ले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूल से एक शिक्षक नदारद मिला तो विधायक श्री कुशवाहा ने जिला जिला शिक्षा अधिकारी को फोन पर निर्देश देते हुए कहा कि दोनों शिक्षकों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए साथ ही मेरे विधानसभा क्षेत्र में सभी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जाए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने विधायक से कहा कि दोनों इन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, साथी विधानसभा क्षेत्र में सभी स्कूलों की मॉनिटरिंग का शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जाएगीद्य

**स्कूल एवं अस्पतालों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं विधायक**

बताना होगा कि कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाहा अपने क्षेत्र में लगातार सक्रिय बने हुए हैं एवं लगातार स्कूल एवं अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं, इस दौरान शासकीय अमले को आम जन तक पहुंचने वाली सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने का भी दिशा निर्देश दे रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक के इस निरीक्षण एवं गांव-गांव पहुंचने की ग्रामीण द्वारा बहुत ही प्रशंसा करते इन जनहित के कार्यों की सराहना की जा रही है। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक द्वारा ग्रामीण एवं आमजन को विश्वास दिलाया जा रहा है कि मैं आपके हर दुख सुख में हमेशा तत्पर रहने की बात कह रहे हैं।

# चार प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी

शिवपुरी-म.प्र.राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी.ओझा द्वारा चार प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त कर कार्यक्रम जारी किया गया है। नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों में प्राथमिक वनापेज सहकारी समिति मर्या.खरेह के लिए सहायक निरीक्षक पारथ दुबे, प्राथमिक वनापेज सहकारी समिति मर्या.मुडखेड़ा के लिए उप अंकेक्षक चयन सिंह, प्राथमिक वनापेज सहकारी समिति मर्या.सेसई के लिए सहायक निरीक्षक उमेश जैन तथा प्राथमिक वनापेज सहकारी समिति मर्या.तेंदुआ के लिए सहायक निरीक्षक अनिल श्रीवास्तव को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जारी कार्यक्रम के तहत आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तिथि 10 जनवरी, नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जाने की तिथि एवं नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन की तिथि 18 जनवरी, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव ल?ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन की तिथि 19 जनवरी, विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना की तिथि 24 जनवरी, रिक्त स्थानों के सहयोजन की तिथि 25 जनवरी, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किए जाने की तिथि 25 जनवरी तथा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन की तिथि 28 जनवरी निर्धारित की गई है।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी की यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर बैठक आयोजित

## जिलाध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने पार्टी गतिविधियों की दी जानकारी, एकजुट होने का किया आह्वान

शिवपुरी-मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के दिशा निर्देशों के अनुक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह चौहान व संगठन मंत्री राजकुमार बंसल द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय झांसी रोड पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी निर्देश के मुख्य विंदुओं के बारे में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह चौहान के द्वारा उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों को अवगत कराया गया और आगामी समय में आने वाली भारत जोड़ो यात्रा सहित प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों का भव्य स्वागत एवं संगठनात्मक रूप से सशक्त होने का आह्वान भी किया। बैठक




में मुख्य रूप से जो बिन्दु रखे गए उसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा( डोनेट फॉर देश ), लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदाता सूची पुनरीक्षण, प्रदेश प्रभारी कुंवर भंवर जितेंद्र सिंह, मप्र कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमांग सिंघर के साथ ही प्रदेश कांग्रेस के बरिष्ठ नेतृत्व के संयुक्त भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 11-12 जनवरी को दो दिवसीय आगमन के संबंध में चर्चा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, इस बैठक में मुख्य रूप से भारत जोड़ों न्याय यात्रा का शिवपुरी जिले में कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई और इन सभी बिंदुओं पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह चौहान के द्वारा उपस्थित कांग्रेस जनों को अवगत कराया गया। इसके पूर्व शिवपुरी जिले की पांचों विधानसभा में पोहरी विधानसभा से कांग्रेस का परचम लहराकर विजयश्री प्राप्त करने वाले नव निर्वाचित पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह का जिला कांग्रेस कार्यालय पर उपस्थित कांग्रेसजनों के द्वारा शॉल-श्रीफल एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। साथ ही यहां विधायक कैलाश कुशवाह ने अपने स्वागत के प्रति आभार जताया और आगामी लोकसभा चुनावों तथा संगठन को और मजबूत बनाने हेतु अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं में पूर्व विधायक हरिवलभ शुक्ला, बीरेंद्र रधुवंशी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष बैजनाथ सिंह यादव, राम कुमार यादव के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटीयो के अध्यक्षों द्वारा भी अपने-अपने विचार दिए गए। इस बैठक में जला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस, तथा प्रकोष्ठों इत्यादि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोनू रामकली चौधरी संभागीय जाटव समाज सुधार समिति के जिलाध्यक्ष मनोनीत

शिवपुरी। संभागीय समाज सुधार समिति जो ग्वालियर चंबल संभाग में समाजहित में लंबे समय से कार्य कर रही है। समिति के संभागीय संजोयक देवराज गांधी द्वारा जितेन्द्र रामकली चौधरी को शिवपुरी में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले श्रीमती रामकली चौधरी के पास यह जिम्मेदारी थी, लेकिन उनका आकस्मिक निधन होने के पश्चात उनके सुपुत्र जितेन्द्र को यह जिम्मदारी सौंपी है। ग्वालियर में समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर काउंसिंग में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद सोनू रामकली चौधरी को संभागीय संयोजक देशराज गांधी, संभागीय अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप कदम सहित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंजी. हेमंत कुमार गुरैया, मुख्य अतिथि जेलर विजय सिंह मौर्य सहित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। यहां बता दें कि सोनू उर्फ जितेन्द्र चौधरी अपनी मां रामकली चौधरी जो संघर्ष की साक्षात प्रतिमूर्ति थीं। वह जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर रहीं और वर्तमान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थीं। उनका सभी बड़े राजनेताओं से अच्छा खासा तालमेल था। वह पूर्व केन्द्रीय मंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की खास मानी जाती थीं। उन्हीं के साथ सोनू चौधरी कदम से कदम मिलाकर चलते थे और अपनी माता को ही अपना राजनीति और सामाजिक गुरू मानते हैं। सोनू आज जो कुछ भी हैं वह अपनी माँ की ही देन हैं और इसलिए जितेन्द्र भी अब अपनी माँ के पद चिन्हों पर चल निकले हैं और समाजसेवा की बागड़ोर अपने हाथों में थाम ली है। सोनू भी समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वह कई सामाजिक संगठनों में विभिन्न पदों पर रह चुके हैं, साथ ही रक्तदान के क्षेत्र में भी अग्रणी हैं, वही अभी तक एक दर्जन से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। जितेन्द्र ने जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर जाटव समाज सुधार समिति के संयोजक देवराज गांधी सहित समिति के सभी वरिष्ठों का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।



# सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती केम्प आयोजित

शिवपुरी-जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी के निर्देशानुसार एवं मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से शिक्षित बेराजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा जवान भर्ती कैंप सोमवार को जनपद पंचायत कोलारस में आयोजित किया गया। इस शिविर में 110 युवाओं ने पंजीयन कराया जिसमे जीडीएक्स के भर्ती अधिकारी राजेन्द्र सरगरा ने 24 युवाओं का सलेक्शन किया। यह कैम्प जनपद पंचायत सीईओ ऑफिसर सिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान एवं आजीविका मिशन के डीएम स्कील तृप्ति राय एवं ब्लोक मैनेजर संजय सिंह चौहान, रामशुशील, आशीष, राजकुमार, अमित बंसल, अशोक गोस्वामी, प्रीतम सभी स्टाफ के सहयोग से सम्पन्न हुआ। अगला कैम्प 9 जनवरी को जनपद पंचायत बदरवास, 10 जनवरी को 26 न.कोठी शिवपुरी, 11 जनवरी को आजीविका मिशन कार्यालय टीला रोड करैरा, 12 जनवरी को जनपद पंचायत पिछोर, 13 जनवरी को जनपद पंचायत पोहरी, 15 जनवरी को पुकार सीएलएफ कार्यालय समोहा में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक कैम्प आयोजित किया जाएगा। चयनित युवाओं को जीडीएक्स ट्रेनिंग सेंटर परीचौक नोएडा में 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ मध्यप्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र - ग्वालियर, इंदौर, पीथमपुर, भोपाल, देवास, अनूपपुर में 14 हजार से 18 हजार तक के वेतन पर परमानेंट नौकरी एवं पीएफ, पेंशन, बीमा, मेडिकल, सालाना वेतनवर्दी, प्रमोशन, आवास एवं मेस आदि सुविधाएं दी जाएगी। इच्छुक बेराजगार युवक जिनकी योग्यता- 10वी पास, उम्र 18 से 45 वर्ष, ऊँचाई 168 सेमी, वजन 52 से 90 किलो, एवं सुपरवाइजर हेतु- 12वी पास, उम्र 21 से 45 वर्ष, ऊँचाई 172 सेमी. वजन 60 से 90 किलो हो वे अपनी 10 वीं पास की अंकसूची, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, एक फोटो एवं चयनित उम्मीदवार के लिए 250 रुपये रजिस्ट्रेशन फॉर्म की फीस लेकर उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक से जानकारी हेतु भर्ती अधिकारी राजेन्द्र सरगरा को



# कट्टे की नोंक पर सरपंच ने किया महिला से दुष्कर्म, पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद तब एसपी से की शिकायत

शिवपुरी- जिले के पिछोर थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम रूपेपर के सरपंच बीती रविवार की रात को ग्राम की ही एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को कट्टे की नोंक पर अंजाम दिया और रात्रि में हुई घटना के बाद जब पीडिता अपने पति के साथ संबंधित पुलिस थाना मायापुर पहुंची तो यहां चार घंटे बैठने के बाद भी पुलिस ने सुनवाई नहीं की तब पीडिता सोमवार को जिला मुख्यालय पर आई और एसपी से मामले की शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।

एसपी को सौंपे शिकायती पत्र में पीडिता रानी पत्नि अमर सिंह( परिवर्तित नाम ) निवासी गाम रूपेपुर थाना मायापुर तहसील पिछोर ने बताया कि बीती रविवार की रात को जब वह पति की अनुपस्थिति में बच्चों के साथ घर में अकेली थी तभी रात करीब 10:30 बजे एकाएक दरवाजा खटखटाने की आवाज आई जिस पर महिला रानी ने सोचा कि पति अमर सिंह आए होंगें तभी दरवाजा खोला तो अंदर ग्राम रूपेपुर का सरपंच आनद पुत्र रूप सिंह लोधी निकला जिसने कट्टे की नोंक पर बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म किया और इस घटना को किसी को नहीं बताने को लेकर धमकाया। महिला रानी ने अपने साथ हुई ज्यादती की घटना रात के ही समय जेठ के आने पर बताई और पति अमर सिंह घर पहुंचा तो रात्रि के समय ही पीडिता अपने पति के साथ मायापुर थाना पहुंची जहां पुलिस ने 4 घंटे थाने में बैठाया और कोई सुनवाई नहीं की। इस पर पीडिता रानी अपने पति अमर सिंह के साथ सोमवार को जिला मुख्यालय आई और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर ग्राम पंचायत रूपेपुर के सरपंच आनन्द लोधी के विरूद्ध दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला पंजीबद्ध करते हुए प्रकरण में न्याय की गुहार लगाई है। एसपी ने मामले में उचित कार्यवाही का आश्वासन पीडिता को दिया है।

# पत्नी के हत्या के आरोपी पति को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

शिवपुरी/पिछोर-शिवपुरी जिले के पिछोर अनुभाग अंतर्गत थाना बामौर कला पर 7 जनवरी रविवार को रात्रि के करीब 2:00 बजे फरियादी मेहरबान पुत्र सन्नू आदिवासी उम्र 22 साल निवासी खिरिया ने अपने भाई एवं कोटवार के साथ थाना आकर रिपोर्ट की कि 6 जनवरी शनिवार की रात्रि 10ञ11 बजे मेरे पिता सन्नू आदिवासी व मां गुड्डीबाई आदिवासी आपस में चांदी के छूटा के पैसों को लेकर आपस में विवाद कर रहे हैं इसी बात पर मेरे पिता ने मां गुड्डीबाई को लोहे की सब्बालिया से जान से मारने की नीयत से लगातार सिर ब मुंह में वार किया एवं गालियां दे रहे थे।मारपीट से मेरी मां को गंभीर चोटें आने से मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। और मेरा पिता घर से खेतों की ओर भाग गया।रिपोर्ट पर से थाना बामौर कला पर धारा 302,294 आईपीसी का पंजीबद्ध मामला विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले के निर्देशन में पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में रविवार को त्वरित कार्यवाहीकरते हुए थाना बामोर कला टीम द्वारा ग्राम खिरिया पहुंचकर आरोपी की तलाश की तो आरोपी अपने खेत में बनी हुई मड़ैया में सोता हुआ मिला। जिसको फोर्स की मदद से गिरफ्तार कर घटना में प्रयोग की गई लोहे के सब्बलिया को जप्त किया गया। माननीय न्यायालय खनियाधाना में आरोपी को पेश किया गया एवं उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना बामोरकला एस.ओ.पुनीत बाजपेई, उपनिरीक्षक छोटेलाल, लव बंसी ,उपनिरीक्षक दिनेश पांडे, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश राठौर, गजेंद्र सिंह सोलंकी ,आरक्षक शंकर भाबर,जयवीर गुर्जर, आकाश सिंह अनिल जादौन ,हरिकृष्ण जाट एवं मोहित शर्मा की मुख्य भूमिका रही।

# मारकी महू में पुरानी अस्पताल को तोडक़र सरेआम किया जा रहा पक्का कब्जा

गुना। जिले की बमोरी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मारकी महू स्थित मैन



बाजार बसस्टैंड पर बनी पुरानी अस्पताल पर आए दिन दबंग लोग रात-बिरात तोडक़र कब्जा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पूर्व सरपंच-सचिव के संरक्षण में करोड़ों की सरकारी सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द कर उसे हड़पने की कोशिश की जा रही है। दरअसल पूरा मामला ये है कि मारकी महू में पुराना उप स्वास्थ्य केन्द्र बना हुआ है। जिस पर जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते धीरे-धीरे दबंग लोग हावी होते जा रहे हैं। उक्त दबंगों ने धीरे-धीरे करके सरकारी अस्पताल को तोडक़र किराने की दुकान संचालित कर दी है। इसी तरह अब वह रात में तोड़ते हैं और दिन में पक्का कब्जा करते हैं इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने मीडिया से की है। इसके पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ डॉक्टरों ने भी शिकायत की है, लेकिन अभी तक कब्जा हटाने की कोई कार्यवाही नही की गई। इसका फायदा उठाते हुए कब्जाधारियों ने आगे से गुमठी रख ली हैं जिनकी ओट में वह अतिक्रमण करते जा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकारी अस्पताल पर कब्जा करने वालों के नाम प्रेमदास बैरागी, सुरेश बैरागी, राजू बैरागी बताए गए हैं। बताया गया है कि इन लोगों को पंचायत के ही जिम्मेदार पूर्व सरपंच-सचिव का संरक्षण होने से शासकीय सम्पत्ति का खुर्द-बुर्द किया गया है। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. राज कुमार ऋषिश्वर और बीएमओ डॉ. शिल्पा टांटिया जिम्मेदार अफसरों से बात की गई तो उन्होंने फोन उठाना भी उचित नही समझा।

**क्या उपस्वास्थ्य केन्द्र की तरह ही पीएचसी पर होगा कब्जा?**

शासन-प्रशासन के लापरवाह रवैया का शिकार हुआ उप स्वास्थ्य केन्द्र के बाद अब लोगों की निगाहें पीएचसी पर जाने लगी हैं। उल्लेखनीय है कि मारकी महू में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनने के बाद पुराने उपस्वास्थ्य केन्द्र पर कब्जा होता जा रहा है और जिम्मेदार देखते जा रहे हैं। यहां वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकर तैयार हो रहा है। कुछ महीनों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्टाफ शिफ्ट हो जाएगा। अब सवाल ये है कि क्या उप स्वास्थ्य केन्द्र की तरह ही पीएचसी पर दबंगों का कब्जा होगा।

इनका कहना है-

यह मामला ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है, क्योंकि नियमानुसार रहवासी क्षेत्र में सरकारी बिल्डिंग होने से सरपंच-सचिव को कार्यवाही करना चाहिए। ऐसी स्थिति में अगर वह कब्जा नही हटाते हैं तो जिम्मेदारों को अवगत कराना चाहिए। आपने मुझे बताया है तो हम अवश्य कार्रवाई करेंगे।

जयप्रकोश गौतम, नायब तहसीलदार बमोरी

**मेरी जानकारी में नही है, अगर ऐसा है तो नोटिस देंगे**

इस संबंध में सरपंच सुनील राठौर और सचिव मोतीलाल नायक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें एक-डेढ़ वर्ष ही हुआ है। यह मामला हमारी जानकारी में नही है, किसी के द्वारा अगर सरकारी सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द किया जा रहा है तो हम संबंधित से बात कर नोटिस देने की कार्यवाही करेंगे।

सरपंच-सचिव, ग्राम पंचायत मारकी महू



# आरोन के ग्राम पंचायत सेमराचांच एवं क्षेत्रपाल में किया गया 'विकसित भारत संकल्पे यात्रा' का आयोजन

गुना। कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस के निर्देशन में शासन के निर्देशानुसार ''विकसित भारत संकल्प यात्रा' जारी है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को देने एवं उन्हे लाभांवित किये जाने के उद्देश्य से गुना जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रतिदिन निर्धारित रूट अनुसार ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रही है। इसी क्रम में सोमवार आरोन के ग्राम पंचायत सेमराचांच एवं क्षेत्रपाल में ''विकसित भारत संकल्प् यात्रा'' का आयोजन किया गया। इस दौरान सेमराचांच में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूरनसिंह रघुवंशी अध्यक्ष किसान मोर्चा, मनीष शर्मा युवा मोर्चा, मोहन शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के एसके तोमर, स्वास्थ्य विभाग से रवि सोनी, पशुपालन विभाग से जीआर विनेश सहित विभिन्न, विभागों के अधिकारी एवं डे-नोडल अधिकारी उप संचालक पशु पालन विभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कन्या पूजन, दीप प्रज्वलन, संदेश वाचन, स्वच्छता गीत व अन्य विभिन्न प्रकार की योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गई प्रर्दशनियों का अवलोकन ड्रोनप्लाय एवं रथ को हरि झण्डी दिखाकर रवाना आदि इस दौरान हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया गया। साथ ही आईईसी वैन वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत क्षेत्रपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यि अतिथि उमेश रघुवंशी, भानु रघुवंशी सरपंच, सुनील सिंह एवं संबंधित अधिकारी सहित डे-नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति डीजे बजाने पर पुलिस ने जप्त कर दर्ज की एफआईआर

गुना। नवागत पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा विगत दिवस जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों व थाना/चौकी प्रभारियों की मीटिंग ली गई। जिसमें शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में तय मापदण्डों के अनुसार ही लाउड स्पीकर का उपयोग करने के हाल ही में दिए गए निर्देशों का जिले में अक्षरशः पालन कराए जाने हेतु निर्देश दिए गए हैं।निर्देशानुसार गुना पुलिस द्वारा जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग शासन द्वारा तय मापदण्ड अनुसार हो इस हेतु आमजन से अपील के साथ-साथ समझाइश भी दी गई । इसी क्रम में गत दिनांक 7 जनवरी 2024 की रात में कैंट थाना पुलिस को थाना क्षेत्र के गुलाबगंज में जोर-जोर से डी.जे. चलने की आवाजें मिलने पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर पता किया तो राजकुमार जाटव निवासी गुलाबगंज के यहां कोई कार्यक्रम होकर जिसमें तेज व कर्कस आवाज में डी.जे. बजाना पाया गया जिससे आसपास के लोगों को भी काफी असुविधा हो रही थी। इस संबंध में वहां उपस्थित लोगों से डी.जे. चलाने संबंधी अनुमति मांगे जाने पर जिनके द्वारा कोई अनुमति प्राप्त नही करना बताया गया एवं राजकुमार जाटव के बारे में पूछने पर उसके पुलिस को देखकर वहां से चला जाना बताया। चूंकि डी.जे. साउण्ड की आवाज तेज व कर्कस होने से वहां के आसपास के लोगों को असुविधा होकर बेचेनी हो रही थी जिससे डी.जे. साउण्ड व एम्पलीफायर को विधिवत जप्त कर आरोपी राजकुमार पुत्र बबलू जाटव निवासी गुलाबगंज कैंट, गुना के विरुद्ध कैंट थाने में अप.क्र. 22/24, म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 15 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कैंट थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी, निरीक्षक राजेन्द्र कुशवाह, उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक महेन्द्र बैस, आरक्षक धर्मेन्द्र रघुवंशी एवं आरक्षक यशवेन्द्र रघुवंशी की विशेष भूमिका रही है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 9 जनवरी को विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रवेश करेगी यात्रा

**जिले में 'विकसित भारत संकल्पत यात्रा' के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जा रहे हैं कार्यक्रम**

गुना। कलेक्टर अमनवीर सिंह बैंस के निर्देशन में शासन के निर्देशानुसार भारत विकसित संकल्प यात्रा जारी है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को देना है एवं उन्हेंज लाभांवित किये जाने के उद्देश्य से गुना जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' प्रतिदिन निर्धारित रूट अनुसार ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रही हैं। इसी क्रम में दिनांक 09 जनवरी 2024 को ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का भ्रमण रुट चार्ट इस प्रकार रहेगा। गुना के ग्राम पंचायत चकदेवपुर एवं मकरावदा के लिए डे-नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री पीआईयू गुना तथा ग्राम पंचायत गजनाई एवं गोपालपुर के लिए डे-नोडल अधिकारी महाप्रबंधक जल निगम गुना उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार राघौगढ़ के ग्राम पंचायत जामनेर एवं बापचा के लिए डे-नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री जल संसाधन तथा ग्राम पंचायत दिरोली एवं बडौदाकलां के डे-नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी, आरोन के ग्राम पंचायत डगराई एवं झितिया के डे-नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, चांचौड़ा के ग्राम पंचायत झिरी एवं सोलई के डे-नोडल अधिकारी उप संचालक उद्यानिकी तथा ग्राम पंचायत बरखेड़ीमाफी एवं खेजड़ाकलारानी के डे-नोडल अधिकारी प्रबंधक म.प्र. सडक़ ''विकास विकसित भारत संकल्पन यात्रा'' के दौरान उपस्थित रहेंगे। इसी क्रम में आज ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' अंतर्गत राघौगढ के ग्राम पंचायत परेवा एवं खेजड़ा के लिए डे-नोडल अधिकारी महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ गुना तथा ग्राम पंचायत बुढ?ा एवं भगवतीपुर के लिए डे-नोडल अधिकारी मुख्यन चिकित्साय एवं स्वातस्य्ए अधिकारी गुना उपस्थित रहे। इसी प्रकार इसी प्रकार चांचौड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत कैकड़ीवीरान एवं मदागनमाफी के लिए डे-नोडल अधिकारी पंचायत समन्व्यक अधिकारी जनपद पंचायत चांचौड़ा तथा ग्राम पंचायत रमड़ी एवं दैदला के लिए डे-नोडल अधिकारी जिला आबकारी अधिकारी, आरोन अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमराचांच एवं क्षेत्रपाल के लिए डे-नोडल अधिकारी उप संचालक पशु चिकित्साा सेवायें गुना, गुना अंतर्गत महोदरा एवं भिडरा के लिए डे-नोडल अधिकारी उपायुक्ति सहकारिता तथा ग्राम पंचायत इमझरा एवं मगराना के लिए डे-नोडल अधिकारी प्रबंधक जिला व्या पार एवं उद्योग केंद्र ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के दौरान उपस्थित रहे।

## पीएम जन मन योजना अंतर्गत आधार शिविरों का होगा आयोजन

गुना। कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंक के निर्देशानुसार 'प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान' के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए जिले में आधार शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 9 जनवरी 2024 को प्रात 11 बजे से बमौरी विकासखंड के ग्राम पंचायत रामपुर एवं मगरोड़ा, चांचौड़ा विकासखण्ड् के ग्राम पंचायत गुलवाड़ा, राघौगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मक्सूदनगढ़ तथा गुना विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ऊमरी में आधार शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

## अवैध ट्रांसफार्मर स्थापना पर ठेकेदार के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर

गुना। महाप्रबंधक (संचा/संधा) मध्यप्रदेश मध्यय क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि. गुना द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार विद्युत वितरण केन्द्र आरोन अंतर्गत बाहूबली कॉलोनी आरोन में राघौगढ़ रोड पर चैकिंग के दौरान दिनांक 3 जनवरी 2024 को उपभोक्ता धर्मवीरसिंह रघुवंशी पुत्र मोहनसिंह रघुवंशी वाहूबली कालोनी को घरेलू कनेक्शन हेतु अवैध रूप से 25 केव्ही का अवैध ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने पर तथा कथित ठेकेदार शिवकुमार रघुवंशी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 379 के तहत कार्यवाही हेतु विद्युत वितरण कंपनी आरोन द्वारा पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है।

# ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' से हर परिवार को जोड़कर लाभ दिलायें - कृषि मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना

**कृषि मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना जौरा विकासखण्ड के ग्राम बागचीनी में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में हुये शामिल**

**ग्राम बागचीनी में विधायकनिधि से विकास कार्यो के लिये 10 लाख रूपये देने की घोषणा**







मुरैना 08 जनवरी 2024/देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लिया है। इसके तहत गांव-गांव विकसित भारत संकल्प यात्रायें निकाली जा रहीं है, ताकि की गारंटी है, कि हर परिवार को जोड़कर लाभ दिलाकर संकल्प को पूरा किया जा सके। यह बात प्रदेश सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने मुरैना जिले के जौरा विकासखण्ड के ग्राम बागचीनी में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुये कही। उन्हांने मौके पर ही ग्राम बागचीनी में अपनी विधायकनिधि से विकास कार्यो के लिये 10 लाख रूपये देने की घोषणा की। जिसमें ग्राम पंचायत बागचीनी में सड़क, खरंजा, हेण्डपंप सुधार के लिये उपयोग किये जा सकते है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्षपति जौरा श्री नरेन्द्र सिकरवार, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, जनपद सीईओ श्री कुलदीप श्रीवास्तव, तहसीलदार श्रीमती कल्पना कुशवाह, बीएमओ, महिला बाल विकास, खंड स्तर के अधिकारी, ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती शर्मिला देवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे। कृषि मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीणों को नल से शुद्ध जल प्राप्त हो रहा है। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क ईलाज लोगां को मुहैया कराया जा रहा है। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना एवं किसान कल्याण योजना, महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया है। स्व-सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न उत्पादों का विक्रय कर आत्म निर्भरता की ओर आगे बढ़ रही है। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिला की अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि समूह में शामिल होने से पहले जो महिलाये घर से निकलने में भी संकोच करती थी, आज अकेले यात्राएं कर रही है। मंत्री श्री कंषाना ने कहा किप्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, उसके लिए जरुरी है कि शासन की योजनाओं से कोई भी वंचित नहीं रहे, लोगों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये गए है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के दूरस्थ क्षेत्रों में कच्चे मकान में रहने वाले परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्की छत का मकान मिला है, जिससे बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिल गया है। आयुष्मान योजना से महंगे उपचार को भी आम आदमी के लिए सुलभ करा दिया है।उन्होंने मौके ग्राम पंचायत के सचिव से प्रधानमंत्री आवास, प्रदेश सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से पूछताछ की। मौके पर जनपद सीईओ को छूटे हुये परिवारों को लाभ दिलाने के निर्देश दिये। ग्रामीणों की शिकायत पर विद्युत विभाग के जेई को स्थानान्तरण करने के निर्देश दिये। मौके पर मंत्री ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति, बाल विवाह न करना, गांव को कुपोषण मुक्त बनाने की शपथ दिलाई।खेल विभाग द्वारा चेयररेस का आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किये। मंत्री श्री कंषाना की उपस्थिति में कृषि वैज्ञानिकों ने ड्रोन से खेती में उर्वरक, दवाईयां डालने की पद्धति को किसानों को समझाया। मौके पर कृषि मंत्री ने अभिनंदन पत्र भी भेंट किये। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के दौरान आईईसी वैन (प्रचार रथ) के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संदेश तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा का वीडियो भी प्रसारित किया गया, जिसे उपस्थित ग्रामीणजनों ने देखा और सुना। कार्यक्रम में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने ''मेरी कहानी-मेरी जुबानी'' के अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टॉल लगाए गए।

## ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रही है

**''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' जिले के 14 ग्रामों में पहुंची**





मुरैना/''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' जिले में लगातार आयोजित की जा रही है। इस यात्रा के तहत लगाए गए शिविरों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से शासन की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी जा रही है। इसी के तहत सोमवार को ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' मुरैना जिले के 7 विकासखण्डों के 14 ग्रामां में पहुंची।''विकसित भारत संकल्प यात्रा''विकासखण्ड सबलगढ़ के ग्राम रूनधान खालसा, सालई, पहाडगढ़ के ग्राम खरिका, सुखपुरा, कैलारस के ग्राम सुरजमा, बालहेरा जागीर, जौरा के ग्राम बागचीनी, घुर्रा, मुरैना के ग्राम करोला, डोलसा, कंकटपुरा, गोबरा, पिनावली, गड़ाजर, बसपुर, अम्बाह के ग्राम कचनौधा, कुथियाना और पोरसा विकासखण्ड के ग्राम हमीरपुरा में पहुंची। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के दौरान आईईसी वैन (प्रचार रथ) के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संदेश तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा का वीडियो भी प्रसारित किया गया, जिसे उपस्थित ग्रामीणजनों ने देखा और सुना। कार्यक्रम में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने ''मेरी कहानी-मेरी जुबानी'' के अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य, उज्जवला योजना, पीएम किसान, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न विभागों की स्टॉल भी लगाई गईं, जिसमें ग्रामीणजनों ने योजनाओं की जानकारी ली और आवेदन भी किये।

## ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' 09 जनवरी को जिले के 14 ग्रामों में पहुंचेगी

मुरैना /''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' मंगलवार को मुरैना जिले के 7 विकासखण्डों के 14 ग्रामां में पहुचेगी। 09 जनवरी को यूपी-32-आरएन-6936 विकासखण्ड सबलगढ़ के ग्राम सेमना में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम गोबरा में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक मौजूद रहकर योजनाओं के बारे में लोंगो को जानकारी दी जायेगी और वंचित लोगों को योजनाओं के बारे में सूचना देकर फार्म भी भरवायें जायेंगे। पहाडगढ़ विकासखण्ड में यूपी-32-आरजेएल-4371 ग्राम तिलावली में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तकयात्रा निकलेगी। कैलारस विकासखण्ड में एमपी-04-जीव्ही-9707 ग्राम सिंगोचोली में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम कट्टोली में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक, जौरा विकासखण्ड में यूपी-32-एनएन-8347 ग्राम भैंसरोली में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम नंदपुरा में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक, मुरैना विकासखण्ड में एमपी-04-जेडआई-1887 ग्राम परोली में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम मेहटोली, बरई पुरा में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक, अम्बाह विकासखण्ड में यूपी-32-जेएन-5568 ग्राम श्यामपुर खुर्द में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम भौनपुरा में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक और पोरसा विकासखण्ड के ग्राम महुआ में एमपी-04-जेडएच-5617 प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक यात्रा निकाली जायेंगी।

## सुनहरी बाग मस्जिद केस की सुनवाई 11 को

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली की सुनहरी बाग मस्जिद को ढहाए जाने के एनएमडीसी के नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। मस्जिद पक्ष के वकील फिरोज इकबाल ने बताया कि जज के छुट्टी पर होने की वजह से मामले की सुनवाई 11 तारीख के लिए टाल दी गई है। मामले की सुनवाई जस्टिस सचिन दत्ता की कोर्ट में होनी है।

फिरोज इकबाल ने बताया, एनएमडीसी की तरफ से जो नोटिस दी गई है, वो संदेहास्पद है। उसमें न कोई एक्ट बताया गया है, न कोई तारीख लिखी हुई है। इसके अलावा मस्जिद हेरिटेज लिस्ट में शामिल है बल्कि मस्जिद के साथ वो चौराहा भी हेरिटेज है।

# मुरैना में हिंदूओं के धर्मांतरण का मामला आया सामने मामला गौसपुर पंचायत के छत्तेपुरा गांव का

मुरैना में हिंदुओं के धर्मांतरण का मामला सामने आया है। मुरैना जिले के एक गांव में बजरंग दल के कार्यकर्ता ने एक घर में चल रहे धर्मांतरण के दौरान दो लोगों को धर्मांतरण करने के आरोप में मौके से पकड़ा है। , गौसपुर पंचायत के छत्ते का पूरा गांव में विश्वहिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने एक घर में महिला और बच्चों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने वाले दो लोगों को पकड़ा है। दोनों को पकड़कर कार्यकर्ताओं ने सराय छोला थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता ओमकार राजपूत और सुनील सिकरवार और उमाशंकर दीक्षित को धर्मांतरण की सूचना मिली कि सूचना मिली। वे मौके पर पहुंचे। उन्हें पता चला की छते का पूरा गांव में ईसाई धर्म अपना चुका हरि सिंह माहौर और उसका साथी विजय सिंह माहौर अन्य ग्रामीणों को बहला फुसलाकर उनका धर्मांतरण कर रहा है। इसी सूचना पर कार्यकर्ता छत्ते का पूरा गांव पहुंचे जहां हरि सिंह के घर में लगभग आठ महिलाएं और कुछ बच्चे बैठे हुए थे। हरि सिंह ने धर्मांतरण की प्रक्रिया कर रहा था दोनों लोगों को पड़कर सराय छोला थाने पुलिस के हवाले कर दिया है। हालांकि पकड़े जाने पर हरि सिंह ने धर्मांतरण करने से इनकार कर दिया है। विश्व हिंदू कार्यकर्ताओं ने हरी सिंह और विजय सिंह पर मामला दर्ज करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।






# म.प्र. उच्च न्यायालय में मुरैना चम्बलांचल, के छात्र-छात्राओं ने 21 पदों में से आधे शासकीय पदों पर चयनित

मुरैना. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में मुरैना/चम्बलांचल, के छात्र/छात्राओं ने 21 पदों में से आधे शासकीय पदों पर चयनित होकर सफलता प्राप्त की। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जूनियर ज्युडीशियल असिस्टेंट (सहा. ग्रेड-3) म.प्र. उच्च न्यायालय का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें मुरैना के निम्नलिखित छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रदेश में सामान्य वर्ग के कुल 21 पदों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें मुरैना के छात्र/छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर मुरैना/चंबलाचंल का नाम विगत वर्षों की तरह ही गोर्वान्वित किया है। उक्त सफलतम छात्र/छात्राओं की पदस्थापना मुख्यपीठ जबलपुर, खण्डपीठ ग्वालियर एवं इंदौर में की जाएगी। 1. श्री आशीष शिवहरे। 2. श्री अभिषेक सिंह 3. कुमारी सपना राठौर 4. कुमारी वशुंधरा इंडोतिया 5. कुमारी श्रृष्टि सिकरवार 6. श्री आदित्य कुमार शर्मा 7. श्री मोहम्मद जरीफ। का बधाई दी बधाई देने वालों में में श्री सुरेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष, श्री रामनिवास टुण्डेलकर, महा-सचिव, श्री अशोक शर्मा, श्री अशोक तिवारी, राजेशसिकरवार पत्रकार संरक्षक एवं श्री गोपालदास गांधी, वरिष्ठ समाज-ासेवी, से.नि. प्राचार्य/वरिष्ठ संरक्षक एवं संघ के सभी पदाधिकारियों जिला स्टेनोग्राफर्स संघ जिला मुरैना द्वारा इस अवसर पर चयनित छात्र/छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# युवक के साथ मारपीट

बानमोर. जातिगत गालियां देने तथा मारपीट करने के आरोप में बानमोर पुलिस ने शीतला गली निवासी पुष्पेंद्र तथा भारत सिंह गुर्जर के खिलाफ धारा 323 294 506 तथा 34 के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। फरियादी प्रकाश खटीक पुत्र पप्पू खटीक निवासी खदान रोड ने बताया है कि वार्ड नंबर 4 शीतला गली में वह नगर परिषद की जेसीबी मशीन से सफाई का कार्य करा रहा था कि नाम दर्ज आरोपियों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी तथा जातिगत गालियां दी गई।

# बानमोर में पानी का निकास न होने से आमजन परेशान

बानमोर. एक लाख रुपये की लागत से बामोर गांव वार्ड नंबर आठ में नगर परिषद द्वारा बनाया गया गंदे पानी का नाला पानी का निकास न होने से गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। जिससे मोहल्ले में संक्रामक बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। विदित हुआ है कि नगर परिषद द्वारा वार्ड नंबर 8 के बामोर गांव में लोगों के घरों का गंदे पानी के निकास के लिए एक लाख रुपये की लागत से गंदे पानी के नाले का निर्माण कराया गया। जो कि नाले का निकास न होने के कारण लोगों के घरों का गंदा पानी पूर्व पटेल के मोहल्ले में निवास रस लोगों के घरों में घुस रहा है । मोहल्ला वासी राकेश शिवहरे सुरेश श्विहरे राकेश प्रजापति का कहना है कि नगर परिषद द्वारा एक लाख रुपये की लागत से मोहल्ले में गंदे पानी के नाले का निर्माण कर दिया है लेकिन पानी का निकास अभी तक नहीं किया गया है। जिस कारण गंदा पानी उनके घरों में घुस रहा है। इस बारे में नगर परिषद सीएमओ दिनेश श्री-वास्तव का कहना है कि गंदे पानी के निकास के लिए शीघ्र टेंडर कराकर पानी का निकास कराया जाएगा।



# स्काउट- गाइड रोवर रेंजर राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार हेतु जाँच शिविर शुभारंभ



इन्दरगढ। भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय भोपाल के वार्षिक कार्यक्रमानुसार राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट / गाइड, रोवर/ रेंजर जाँच शिविर का पाँच दिवसीय आयोजन किडीज़ कॉन्वेन्ट पब्लिक स्कूल यूनिवर्सिटी रोड ग्वालियर में एएसओसी शंकर सिंह के संचालन में शुभारंभ किया गया ।शिविर में ग्वालियर, चम्बल, भोपाल, संभाग के ग्वालियर, दतिया, गुना, मुरैना, भोपाल तथा सिहोर के 58 प्रतिभागी शामिल हुये ।जाँच शिविर में सम्मिलित प्रतिभागियों की राज्य पुरस्कार जाँच शिविर तक की निर्धारित पाठ्यक्रम की लिखित एवं मौखिक जाँच परीक्षा की जावेगी है । शिविर संचालक श्री शंकर सिंह एएसओसी संभाग ग्वालियर, ने प्रेस को जानकारी देते हुये वताया कि भारत स्काउट और गाइड के सहायक संचालक श्री मूलचन्द गौड एएलटी मुरैना, वीर सिंह यादव डीओसीभिण्ड, श्रीमति आशा सिंह जिला कमिश्नर गाइड, श्रीमति सविता भाटिया एएलटी फ्लॉग, श्री मुकेश कुशवाह क्वार्टर मास्टर डीओसी शिवपुरी, श्रीमति रेखा भदौरिया रेंजर लीडर भिण्ड, रोवर लीडर विपिन कुमार बौद्ध दतिया, श्री गगन शर्मा, सहित रोवर शिविर में शामिल है । उल्लेखनीय है कि भारत स्काउट और गाइड के बच्चों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने हेतु उक्त जाँच शिविर में सफल होना आवश्यक रहता , विभाग भी जाँच शिविर आयोजित कर बच्चों की तैयारी कराता है । इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 06 जनवरी से 10 जनवरी तक उक्त जाँच शिविर संचालित है ।

# कोतवाली पुलिस ने गुमशुदा युवक को सकुशल परिजनों को सौंपा

मुरैना। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में सिटी कोत-वाली पुलिस ने गुमशुदा युवक को चंद घंटों में सकुशल खोज़ कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है, पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से वैश्य समाज में हर्ष की लहर है, समाज ने पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया है कोतवाली मुरैना मे फरियादी रोहित मंगल पुत्र हरीशचन्द मंगल उम्र 24 साल निवासी मंशा देवी के मंदिर के पास पंचायती धर्मशाला मुरैना की रिपोर्ट पर से गुम इन्सान क्रमांक 3/2024 कायम कर जा-च मे ली गयी क्योकि उक्त घटना स्थल हनुमान चौराह का होने से तथा सभी बाजार के वैश्य वर्ग के लोग थाने पर अधिक संख्या मे उपस्थित होने से उक्त घटना को गम्भीरता पूर्वक लिया गया। घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये और जगह -जगह पुलिस के द्वारा मुखविर तन्त्र को मजबूत किया गया। उसी दौरान मुखविर की सूचना पर से गुमशुदा राहुल मंगल पुत्र हरीशचन्द मंगल उम्र 40 साल निवासी मंशा देवी के मंदिर के पास पंचायती धर्मशाला मुरैना को कस्वा मुरैना से सकुशल दस्तायव किया जाकर उसके परिवारजन को सुपुर्द किया गया वैश्य वर्ग मे सुखी की लहर दौड उठी। उल्लेखनीय भूमिका थाना प्रभारी सुनील खेमरिया मय स्टा-फ उनि.कपिल जादौन, सउनि पाराशर, उनि लक्ष्मन सिह अजीत , प्रआर 1021 लोकेश कनेरिया, प्रआर 839 विश्वनाथ सिह, आर612शिवप्रताप सिह, आर.24 सत्यम शर्मा,आर152 श्यामविहारी शर्मा एवं सायबर टीम प्रभारी की सराहनीय भूमिका रही ।



# मुख्य सचिव के निर्देश पर जिला प्रशासन ने लगभग 30 लाख रूपये का अवैध रेत का किया विनिष्टीकरण

मुरैना /मुख्य सचिव श्रीमती वी-रा राणा ने सोमवार को वीसी के माध्यम से चम्बल संभाग के मुरैना, भिण्ड और श्योपुर जिले के अधिकारियों को निर्देश अवैध रेत को रोकने के निर्देश दिये थे। निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद के नेतृत्व में चम्बल विण्डवा गांव में पहुंचकर लगभग 28 से 30 लाख रूपये के रेत को विनिष्टीकरण किया। जिसमें अपर कलेक्टर श्री सीब-ी प्रसाद ने बताया कि 600-700 चम्बल के अवैध रेत डंप चम्बल बिण्डवा में पाया गया, जिस रेत की कीमत लगभग 28 से 30 लाख रूपये मायनिंग अधिकारी ने बताई है। इस रेत को पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों के सहयोग से विनिष्टीकरण किया है। उन्होंने बताया कि हमें जानकारी मिली थी कि बड़ी मात्रा में अवैध रेत का उत्खनन बिंडवा चंबल क्षेत्र में किया है। हमने औचक निरीक्षण किया, जिसमें 600 से 700 ट्रोली रेत मिली है, जिसका विनिष्टिकरण किया। इसका महत्वपूर्ण बिंदु यह भी है कि यहां 15 दिन पहले फोरेस्ट रेंजर ने इसका प्रस्तावित करके केस दर्ज कराया है। निजी जमीन पर उत्खनित सामग्री भण्डारित है। इसकी लगभग कीमत 30 लाख होना चाहिये। फोरस्ट में पुनः प्रकरण दर्ज किया गया है।इस कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द ठाकुर, एसडीएम मुरैना श्री बीएस कुशवाह, तहसीलदार श्रीमती वंदना यादव, नायब तहसीलदार सुश्री ज्योति लाक्षाकार, रेंजर सुश्री आर्य सहित राजस्व एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे।





# मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अधिकारी प्लानिंग के साथ कार्य करें - अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव

## अपर मुख्य सचिव ने चम्बल संभाग के अधिकारियों की योजनावार की समीक्षा

मुरैना /मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप विभागों में संचालित कार्य समय पर पूर्ण हों, आम आदमी को किसी भी प्रकार से परेशानी का सामना न करना पड़े। यह निर्देश अपर मुख्य सचिव एवं चम्बल संभाग के प्रभारी श्री मनु श्रीवास्तव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान चम्बल संभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में कानून व्यवस्था एवं विभागों में चल रही कार्ययोजना के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री पवन श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में चम्बल कमिश्नर श्री दीपक सिंह, आईजी श्री सुशांत सक्सेना, डीआईजी श्री कुमार सौरभ,नगर निगम मुरैना महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, सबलगढ़ विधायक श्रीमती सरला रावत, जौरा विधायक श्री पंकज उपाध्याय, श्योपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती गुड्डीआदिवासीउपस्थित थीं।भिण्ड विधायक श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह ऑनलाइन जुड़े हुये थे। इसके साथ ही कलेक्टर मुरैना श्री अंकित अस्थाना, कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव, कलेक्टर श्योपुर श्री संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री असित यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्योपुर श्री अतेन्द्र सिंह तोमर, डीएफओ मुरैना श्री स्वरूप दीक्षित, मुरैना, भिण्ड, श्योपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के संभाग स्तर के अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव एवं चम्बल संभाग के प्रभारी श्री मनु श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अभी हाल ही में धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्-तारक यंत्रों का उपयोग, थाना क्षेत्रों की सीमाओं का युक्तयुक्तिकरण, जमानत पर छूटे गंभीर एवं आभ्यासिक अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही, उच्च स्तर पद पर कार्रवाही, प्रभार एवं जिले में पुलिस बैण्ड का गठन करने के निर्देश दिये है, जिसको अधिकारी गंभीरता से अमल में लायें। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन ही मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने चम्बल जोन में सामान्य जानकारी के तहत फा-ल्डरवार विस्तार से तीनों जिलों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अधिकारियों ने कितना अमल किया है, उसके बारे में भी एक-एक बिन्दु पर गहन समीक्षा की। जो कार्य नहीं किये गये है, उसे भी उन्होंने नोट किया है, जिसे मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जायेगा। अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव ने कहा कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत भिण्ड, मुरैना और श्योपुर जिले में प्राप्त आवेदनों को विस्तार से सुना जाये और उसका निराकरण भी किया जाये। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य है, कि जिले की ऐसी समस्यायें है, जिनमें इंटेरोवेशन की राज्य शासन की आवश्यकता है, उनको पहचाना जाये और उनकेनिराकरण की कोशिश की जाये। इसके लिये जनप्रतिनिधियों के भी बहुमूल्य सुझाव भी प्राप्त हुये है।अधिकारियों के साथ अंतरविभागीय समन्वय पर भी चर्चा हुई। कुछ मुद्दे ऐसे है, जो भारत एवं राज्य सरकार स्तर पर उठाने जाने वाले है, उनकी भी पहचान की गई है। सभी संभागों में इस तरह की बैठक ली जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री भी आयेंगे और यह प्रक्रिया अनवरत जारी रहेगी। हम यह प्रयास कर रहे है, कि जहां-जहां समस्यायें हो रहीं है, उनका समाधान किया जा सके।शासन व पुलिस के प्रमुख अधिकारियों द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की गतिविधि एवं समस्याओं के समन्वय को लेकर चम्बल संभाग के प्रशासन व पुलिस की यह संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसके माध्यम से योजनाओं पर ध्यान आकर्षित किये जाने का उद्देश्य मुख्यमंत्री के आगमन व समीक्षा बैठक को लेकर भी देखा जा रहा है। निकट भविष्य में मुख्यमंत्री चम्बल संभाग का भ्रमण कर योजनाओं की समीक्षा करेंगे। उन्होंने संभाग स्तर से विद्युत, प्रधानमंत्री आवास, खाद्य, प्राकृतिक खेती, पशुपालन, मंडी, जल संसाधन, उद्योग, इंडस्ट्रीज, नगर निगम कमिश्नर, नगरीय प्रशासन, अटल एक्सप्रेस, सड़क प्राधिकरण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्कूल, शिक्षा, उच्च शिक्षा, ट्रायवल, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संभाग स्तरीय प्रजेन्टेशन का अवलोकन किया। बैठक में नगर निगम महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने बताया कि नगर निगम में 26 पद अधिकारियों के स्वीकृत है, जिसमें 25 पद खाली है। जौरा विधायक श्री पंकज उपाध्याय ने बताया कि कैलारस शक्कर मिल को चालू किया जाये, इसके लिये 5 हजार किसानों ने शपथ पत्र देकर गन्ना उगाने की सहमति प्रदान की है। मिल चालू होने से लगभग 2 हजार किसानों को रोजगार मिलेगा और 5 हजार किसान गन्ने की खेती उगाने के लिये लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग अधिकतर फौज में सर्विस करते है, उनके लिये यहां पूर्व की भांति अग्निवीर सेन्टर प्रशिक्षण के लिये खोले जायें। सभी के सुझावों को अपर मुख्य सचिव ने गंभीरता से सुना और उनको नोट भी किया।



# स्काउट- गाइड रोवर रेंजर राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार हेतु जाँच शिविर शुभारंभ

इन्दरगढ। भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय भोपाल के वार्षिक कार्यक्रमानुसार राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट / गाइड, रोवर/ रेंजर जाँच शिविर का पाँच दिवसीय आयोजन किडीज़ कॉन्वेन्ट पब्लिक स्कूल यूनिवर्सिटी रोड ग्वालियर में एएसओसी शंकर सिंह के संचालन में शुभारंभ किया गया ।शिविर में ग्वालियर, चम्बल, भोपाल, संभाग के ग्वालियर, दतिया, गुना, मुरैना, भोपाल तथा सिहोर के 58 प्रतिभागी शामिल हुये ।जाँच शिविर में सम्मिलित प्रतिभागियों की राज्य पुरस्कार जाँच शिविर तक की निर्धारित पाठ्यक्रम की लिखित एवं मौखिक जाँच परीक्षा की जावेगी है । शिविर संचालक श्री शंकर सिंह एएसओसी संभाग ग्वालियर, ने प्रेस को जानकारी देते हुये वताया कि भारत स्काउट और गाइड के सहायक संचालक श्री मूलचन्द गौड एएलटी मुरैना, वीर सिंह यादव डीओसीभिण्ड, श्रीमति आशा सिंह जिला कमिश्नर गाइड, श्रीमति सविता भाटिया एएलटी फ्लॉग, श्री मुकेश कुशवाह क्वार्टर मास्टर डीओसी शिवपुरी, श्रीमति रेखा भदौरिया रेंजर लीडर भिण्ड, रोवर लीडर विपिन कुमार बौद्ध दतिया, श्री गगन शर्मा, सहित रोवर शिविर में शामिल है । उल्लेखनीय है कि भारत स्काउट और गाइड के बच्चों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने हेतु उक्त जाँच शिविर में सफल होना आवश्यक रहता , विभाग भी जाँच शिविर आयोजित कर बच्चों की तैयारी कराता है । इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 06 जनवरी से 10 जनवरी तक उक्त जाँच शिविर संचालित है ।



# आयुष्मान निरामय योजना का उद्देश्य गरीब एवं असहाय परिवरों को गुणवत्ता पूर्ण ईलाज समय पर उपलब्ध कराना- सीएमएचओ डॉ. शर्मा

मुरैना 08 जनवरी 2024/जिले में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड आशा कार्यकर्ता द्वारा आयुष्मान एप के माध्यम से बनाये जा रहे है। पात्र हितग्राही घर बैठे ही आयुष्मान एप डाउनलोड कर अपना कार्ड बनवा सकते है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया है, कि आयुष्मान भारत निरामय के लिये सामाजिक जनगणना में सम्मलित पात्र परिवार, संबल योजना कार्ड धारक परिवार, खादय पर्ची धारक परिवार के हितग्राही भी सम्मलित है। आयुष्मान नोडल अधिकारी डॉ. धमेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में आयुष्मान कार्ड धारी आयुष्मान भारत निरामय योजना के अन्तर्गत शासकीय एवं प्राईवेट चिन्हित अस्पतालों में भर्ती होकर निःशुल्क उपचार करा सकते है। प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार दिया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत कैंसर, गुर्दारोग, निःसंतानता, डेंगू, मोतियाबिन्द, कोविड-19 सहित गंभीर बीमारियों का उपचार किया जाता है। आयुष्मान निरामय योजना का उद्देश्य गरीब एवं असहाय परिवरों को गुणवत्ता पूर्ण ईलाज समय पर उपलब्ध कराना है।